# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 14 | सीकर, गुरूवार 12 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## कच्छावा पेंशनर्स मंच के प्रवक्ता नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा सीकर के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पवार ने प्रदेश नेतृत्व की सहमति तथा मंच के मुख्य सलाहकार रिटायर्ड आरएएस सज्जन सिंह शेखावत की अभिशंषा से पत्रकार आनंद सिंह कच्छावा को सीकर पेंशनर्स मंच का प्रवक्ता नियुक्त किया है। पेंशनर्स मंच के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गोपी राम जांगिड़ यालसर ने आनंद सिंह कच्छावा को सीकर मंच का प्रवक्ता नियुक्त किए जाने का प्रदेश नेतृत्व आग्रह किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सीकर जिला अध्यक्ष पंवार ने कच्छावा को सीकर मंच का प्रवक्ता नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष पंवार ने समिति के उपाध्यक्ष रमेश कुमार इंदोरिया, सचिव वीरेंद्र कुमार माथुर तथा संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह निर्वाण को निर्देशित किया है कि मंच की बैठकों एवं समारोह की कार्रवाई विवरण तैयार कर प्रकाशन हेतु नव नियुक्त प्रवक्ता कच्छावा को अवगत कराएंगे। कच्छावा की नियुक्ति पर मंच के पदाधिकारियो ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## स्नैचिंग पर जयपुर पुलिस का शिकंजा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में चैन, मोबाइल और पर्स स्नेचिंग की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर स्नैचिंग के 71 चालान शुदा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार यह विशेष अभियान 7 और 8 मार्च 2026 को चलाया गया। इसके तहत जयपुर आयुक्तालय के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम जिलों में स्नैचिंग के आरोपियों की धरपकड़ के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। अभियान में करीब 439 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 127 टीमों ने शहर के 600 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान चैनए पर्स और मोबाइल स्नैचिंग के 71 चालान शुदा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि स्थानीय विशेष अधिनियम के तहत 8 अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया। पुलिस ने इस दौरान 7 स्थाई वारंटी, 5 पेंडिंग मामलों में वांछित आरोपी और 50 स्नैचिंग के आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान अन्य मामलों में भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 7 मामले दर्ज कर 8 लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 43.55 ग्राम स्मैक, 11 किलो 300 ग्राम गांजा, 197.42 ग्राम एमडी ड्रग्स और 2 लाख 79 हजार 850 रुपये की बिक्री राशि बरामद की गई। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धारदार कटार भी जब्त की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। शहर में स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इसी तरह के विशेष अभियान जारी रखे जाएंगे।

## प्रतियोगी परीक्षा में हाईटेक नकल गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप राजस्थान एसओजी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में हाईटेक तरीके से नकल कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर डमी कैंडिडेट के माध्यम से परीक्षा दिलाने और स्मार्ट डिवाइस के जरिए प्रश्नपत्र हल करवाने में सहयोग करने का आरोप है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 21 मई 2023 को आयोजित सहायक अभियंता सिविल स्वायत्त शासन विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2022 की जांच के दौरान सामने आया कि मूल अभ्यर्थी इंदराज सिंह की जगह किसी अन्य व्यक्ति ने डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ कर दूसरे व्यक्ति की फोटो लगाकर षड्यंत्रपूर्वक परीक्षा दिलाई गई थी। इस संबंध में एसओजी थाना जयपुर में प्रकरण संख्या 09/2024 दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धाराएं 419, 420, 467, 468, 471, 120बी तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 2022 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में पहले मूल अभ्यर्थी इंदराज सिंह, सहयोगी आरोपी परमेश्वर लाल और सलमान खान को गिरफ्तार कर चालान पेश किया जा चुका है। वहीं डमी परीक्षार्थी गुरदीप दास निवासी हिसार हरियाणा को 27 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। पूछताछ में गुरदीप दास के एक अन्य सहयोगी अजीत कुमार 36 निवासी टोकस, थाना आजाद नगर, जिला हिसार हरियाणा का नाम सामने आया। इसके बाद एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि गुरदीप दास परीक्षा केंद्र में विशेष स्मार्ट डिवाइस लेकर प्रवेश करता था और प्रश्नपत्र की फोटो लेकर बाहर भेज देता था। बाहर मौजूद अजीत कुमार इंटरनेट और अन्य विशेषज्ञों की मदद से प्रश्न हल कर वापस भेजता था।

# सद्भावना का दायित्व बीमा धारक उपभोक्ता से ज्यादा बीमाकर्ता बीमा कंपनी का बनता है : उपभोक्ता आयोग

### बीमा कंपनी की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग सख्त, 9.48 लाख रुपये क्लैम भुगतान का आदेश

## 1.35 लाख रुपए मानसिक संताप पेटे परिवादी को दे बीमा कंपनी

### आयोग की सख्त टिप्पणी : बीमा कंपनी केवल अपने मुनाफे की परवाह न करे, बीमा धारक से निष्पक्ष व्यवहार करे

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू ने उपभोक्ता हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को वाहन दुर्घटना के दावे की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शाखा झुंझुनू उपभोक्ता से प्रीमियम लेने के बाद दावे के भुगतान से बच नहीं सकती। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील तथा सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी की पीठ ने कुलदीप भास्कर निवासी झुंझुनू द्वारा दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। परिवादी ने बताया कि उसकी कार का बीमा 9 लाख 50 हजार रुपये बीमित मूल्य पर कराया गया था। 13 दिसंबर 2021 को वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर आग लगने से पूरी तरह जल गया, जिसके बाद बीमा कंपनी के पास क्लेम प्रस्तुत किया गया, लेकिन कंपनी ने लंबे समय तक टालमटोल करते हुए दावा निपटान नहीं किया। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष प्रस्तुत सर्वेयर रिपोर्ट में वाहन को टोटल लॉस मानते हुए लगभग 9 लाख 48 हजार रुपये की क्षति आंकी गई। इसके बावजूद बीमा कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिसे आयोग ने सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार माना। आयोग ने अपने निर्णय में कहा कि जब बीमा कंपनी ने स्वयं वाहन का बीमित मूल्य निर्धारित कर उसी आधार पर प्रीमियम प्राप्त किया है, तो बाद में भुगतान से बचना उचित नहीं है। आयोग ने यह भी टिप्पणी की कि बीमा कंपनियों को उपभोक्ताओं के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करना चाहिए। आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह 9 लाख 48 हजार रुपये की क्लेम राशि, परिवाद दायर करने की तिथि 6 जनवरी 2023 से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 45 दिनों के भीतर अदा करे। साथ ही परिवादी को मानसिक पीड़ा के लिए 1 लाख 35 हजार रुपये तथा 5 हजार रुपये परिवाद व्यय के रूप में भी देने के निर्देश दिए गए है। आयोग ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर पूरी राशि पर 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू होगा। यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि एक बीमा कम्पनी से यह उम्मीद की जाती है कि वह बीमा धारक के साथ वास्तविक और निष्पक्ष व्यवहार करेगा, न कि केवल अपने मुनाफे की परवाह करेगा।




#### सद्भावना का दायित्व बीमा धारक उपभोक्ता से ज्यादा बीमा कर्ता बीमा कंपनी का बनता है

इस मामले में कंपनी ने बीमा प्रीमियम भरवाते वक्त गाड़ी की कीमत 9 .50 लाख रुपए आंकी, जबकि दुर्घटना में गाड़ी जलने के बाद में बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त सर्वेयर ने गाड़ी की कीमत 6 .50 लाख रुपए ही मानी। उपभोक्ता आयोग ने इस अनुचित व्यापार व्यवहार माना है। आयोग ने अपने फैसले में लिखा है कि न्याय हित में यह टिप्पणी करना उचित एवं आवश्यक है कि प्रायः बीमा कम्पनियां बीमा पॉलिसी जारी करते समय नियमानुसार बीमा प्रीमियम राशि उपभोक्ता से प्राप्त करती हैं और जब क्षतिपूर्ति करने का समय आता है, उस वक्त बीमा पॉलिसी की शर्तों, नियमों की आड़ में वाहन दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति राशि को चुकाने में सामान्यतः उन आधारों को लेकर आती हैं, जिन आधारों को सद्भावी रुप से सम्पूर्ण करने का दायित्व बीमाकर्ता बीमा कम्पनियों का बनता है। क्योंकि बीमा पॉलिसी जारी करने का स्वतन्त्र रूप से अधिकार बीमा कम्पनियों का है। कोई भी उपभोक्ता अपनी स्वेच्छा से मनमर्जीपूर्वक बीमा पॉलिसी जारी नहीं करवा सकता है। इसलिए सद्भावना का दायित्व उपभोक्ता से ज्यादा बीमाकर्ता बीमा कम्पनियों पर लागू होता है।

## 30 मार्च की जगह 19 मार्च को राजस्थान-दिवस मनाएगी सरकार

### जालोर में होगा मुख्य समारोह, मंदिरों में महाआरती होगी, सीएम-मंत्री होंगे शामिल

जयपुर।

राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह 30 मार्च की जगह 19 मार्च को मनाया जागा। हिंदू पंचाग के हिसाब से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन 19 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इस बार राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह जालोर में होगा। जालोर में लाभार्थी सम्मेलन होगा जिसमें लाभार्थी संवाद के साथ खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा। राजस्थान दिवस की पूर्वसंध्या पर प्रदेशभर में सरकारी मंदिरों में आरती का आयोजन होगा। इनमें मुख्यमंत्री और मंत्री शामिल होंगे। राजस्थान दिवस पर सरकार कई कार्यक्रम करने जा रही है। प्रदेशभर में 14 मार्च से कई कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी, जो 19 मार्च तक चलेंगे।




#### 15 मार्च को राजस्थान को डिजिटल क्विज

15 मार्च को राजस्थान को जानें के नाम से डिजिटल क्विज की शुरुआत होगी। जयपुर में ओडीओपी मेला और प्रदर्शनी की राज्य स्तरीय शुरुआत होगी।जयपुर में ओडीओपी मेला और प्रदर्शनी की राज्य स्तरीय शुरुआत होगी। यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में निबंध, भाषण और ड्राइंग कॉम्पीटीशन होंगे। इसी दिन शाम को दिल्ली के बीकानेर हाउस में पांच दिवसीय राजस्थान दिवस की शुरुआत होगी।

#### 14 मार्च को जयपुर से होगी स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत

राजस्थान दिवस के आयोजन की शुरुआत 14 मार्च से सात दिवसीय स्वच्छता सप्ताह के साथ होगी। इस दौरान जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम और सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम होंगे। 15 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय विकसित राजस्थान रन का आयोजन होगा, जिसका फ्लैग ऑफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। सभी जिलों में भी विकसित रन का आयोजन भी किया जाएगा।

#### 17 को जयपुर में राजस्थान युवा शक्ति दिवस

16 मार्च को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें विकास कामों का शिलान्यास, जनजाति कला और हस्तशिल्प प्रदर्शनी, संवाद कार्यक्रम होंगे। 17 मार्च को जयपुर में राजस्थान युवा शक्ति दिवस मनाया जाएगा, जिसमें राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। शाम को उद्यमियों के साथ संवाद और प्राइवेट सेक्टर में जॉब पाने वालों को एम्प्लॉयमेंट लेटर भी बांटे जाएंगे।

#### 18 मार्च को किसान, पशुपालक समृद्धि दिवस

18 मार्च को किसान और पशुपालक समृद्धि दिवस मनाया जाएगा। 18 मार्च को मुख्यमंत्री और मंत्री किसानों और पशुपालकों से संवाद करेंगे। इस मौके पर कई विकास कामों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

## कांस्टेबल 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान एसीबी की दौसा चौकी ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए जिला अलवर में तैनात एक पुलिसकर्मी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि पुलिस चौकी गोला का बास, थाना टहला में तैनात कांस्टेबल रामप्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। परिवादी के माता.पिता और छोटे भाई के खिलाफथाना टहला में दर्ज एक मुकदमे में राजीनामा पत्रावली पर लेने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने उसका सत्यापन कराया। इसके बाद उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी दौसा चौकी के उप अधीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी कांस्टेबल रामप्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रिश्वत राशि मुकदमे के अनुसंधान अधिकारी रामनारायण, हेड कांस्टेबल के साथ मिलीभगत कर राजीनामा पत्रावली पर लेने के बदले ली जा रही थी। एसीबी मामले में आगे की जांच कर रही है।

## कार डिवाईडर पर चढ़ी पांच घायल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गत रात्रि को सालासर रोड पर चुंगी नाका के पास डिवाइडर से टकराकर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे के कारण कार पूनम, मनीषा, राहुल निवासी कोलासर तथा दिनेश, मुकेश कँवर निवासी डोली, बाड़मेर घायल हो गए। घायलों को 108 कर्मचारियों व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, बीरबल प्रजापत आदि की सहायता से बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक उक्त सभी लोग कार मे सवार होकर कोलासर से सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन आ रहे थे कि कार अंधेरे मे डिवाइडर से टकरा गयी।

## महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त ने विभिन्न केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण


हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के आयुक्त राकेश राजोरिया ने झुंझुनू जिले में महिला अधिकारिता विभाग के विभिन्न केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त राजोरिया ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर काउंसलरों से केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली और सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कार्यालय परिसर में संचालित क्रेच का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने पन्नाधाय सुरक्षा एवं समान केंद्र का निरीक्षण कर काउंसलरों से उनके कार्यों के बारे में चर्चा की और विभागीय गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 12 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उड़ान योजना के लाभार्थियों से संवाद किया तथा सैनिटरी पैड की गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि आयुक्त ने एमएसएसके झुंझुनूं का भी निरीक्षण किया और काउंसलरों से पूछा कि वे महिलाओं को किस प्रकार सहयोग प्रदान करती हैं तथा विभागीय योजनाओं का लाभ किस तरह पहुंचा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी काउंसलरों को विभाग की योजनाओं की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए ताकि जरूरतमंद महिलाओं को समय पर लाभ मिल सके। आरकेसीएल के अंतर्गत जीएस एकेडमी में आरएससीआईटी व आरएससीएफए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से भी उन्होंने संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं से पूछा कि वे किस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रही हैं और उनसे किसी प्रकार की फीस तो नहीं ली जा रही है। साथ ही एकेडमी संचालक को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के बाद बालिकाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी और सीए से समन्वय किया जाए। महिला अधिकारिता विभाग के स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित अमृता सहकारी बाजार (बुकतरी) का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की और महिलाओं के साहस व आत्मनिर्भरता की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अलसीसर ब्लॉक की लूणा ग्राम पंचायत में साथीन के महिला विकास केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अन्य जिलों में भी साथीनों को ग्राम पंचायत स्तर पर अपने कार्यालय स्थापित करने के लिए प्रयास करने चाहिए। इस दौरान दो बालिकाओं के जन्म पर बेटी जन्मोत्सव तथा गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। धुंधरी ग्राम पंचायत में आयुक्त ने लीला और शबनम द्वारा एमएनएसयूपीवाई योजना के तहत लिए गए ऋण से संचालित व्यवसाय का अवलोकन किया और उनकी सराहना करते हुए आगे भी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



अलसीसर ब्लॉक में सुपरवाइजर कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने इसे पूरे राज्य के लिए रोल मॉडल बताया। यहां संचालित प्रशिक्षण केंद्र तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान सरिता साथीन भूधा का बास, फरजाना साथीन पीथूसर और सुमन साथीन खरिया से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली और उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान अलसीसर की पूजा कंवर जो एक विधवा महिला हैं द्वारा एमएनएसयूपीवाई योजना के तहत व्यवसाय शुरू करने की पहल की आयुक्त ने सराहना की। उन्होंने उनकी हिम्मत और आत्मनिर्भरता की प्रशंसा करते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## कोबरी-सार



# पथराव करने के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा पुलिस ने पुलिस जाब्ता के साथ मारपीट करने व पथराव करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सड़क हादसे के बाद सरकारी वाहन मे तोडफोड व आग लगाने का प्रयास किया था। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि 7 मार्च की रात को राजकीय अस्पताल मेहाड़ा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत अवस्था में लाश सड़क पर पड़ी होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचकर शव को सड़क से हटाकर 112 वाहन से अस्पताल ले जाने की कार्रवाई कर रहा था, तभी मेहाड़ा गांव के कुछ युवक मौके पर आकर शव को अस्पताल ले जाने से रोकने लगे तथा अन्य लोगों को भी एकत्रित कर लिया। सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां सरपंच प्रतिनिधि होशियारसिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने करीब 100-150 लोगों की भीड़ एकत्रित कर पुलिस वाहन में रखे शव को निकालने का प्रयास किया व पुलिस वाहन को जलाने का प्रयास किया गया तथा उग्र भीड ने पत्थरबाजी शुरु कर दी। पुलिस टीम को जान से मारने की धमकियां देने लगे। इस दौरान पत्थरबाजी में थानाधिकारी मेहाड़ा राममनोहर, खेतड़ी थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई अनिल कुमार, एचसी अमरचन्द व अन्य जाप्ता के भी शरीर पर चोटें आई। इस प्रकार उक्त सभी लोगो ने एक राय होकर राजकार्य में बाधा उत्तन्न की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते मेहाड़ा निवासी कुलदीप उर्फ बकरा, मोहनलाल, धर्मपाल, अनुज, साहिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से घटना के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राममनोहर, एसआई हनुमान प्रसाद, एएसआई अनिल कुमार, हरीराम, कांस्टेबल रोहिताश, पंकज, कर्मपाल, सत्येन्द्र आदि शामिल थे।

# विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन 14 से




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 14 और 15 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन पंचायती राज सभा भवन में होगा। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवनारायण जैमन, राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा तथा जयपुर महानगर अध्यक्ष पंडित रघु शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में देशभर से समाज के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विश्व ब्राह्मण सभा का उद्देश्य समाज के अन्य संगठनों को साथ लेकर समाज को उन्नति और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना है। जब बौद्धिक समाज प्रगति करता है तो उसका लाभ राष्ट्र और अंततः पूरे विश्व को मिलता है। अधिवेशन के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग सत्रों में विचार साझा किए जाएंगे। इन सत्रों में समाज में संस्कार निर्माण, समृद्ध राष्ट्र की अवधारणा को मजबूत करने तथा समाज को सशक्त बनाने के उपायों पर व्यापक चर्चा होगी। पदाधिकारियों के अनुसार सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिवेशन का शुभारंभ देश के प्रमुख संत-महात्माओं के सानिध्य में किया जाएगा। अधिवेशन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों ने सहमति दी है। अधिवेशन की सफलता के लिए जयपुर महानगर सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम के पोस्टर भी लगाए गए हैं।

# वार्षिक उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित कानोरिया उच्च माध्यमिक विद्यालय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सोसायटी चेयरमैन के.के. कानोरिया एवं मुख्य अतिथि उर्मिला कानोरिया ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुशील कुमार सैन तथा इंग्लिश मीडियम इंचार्ज पिंकी जैदिया ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स छात्र-छात्राओं को के.के. कानोरिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में कानोरिया ने कहा कि पारिवारिक संस्कार ही शिक्षा का मूल आधार होते हैं और इन्हीं से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। कार्यक्रम में कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी के स्थानीय सचिव टी. ढ़ांचोलिया, सहसचिव विकास बुधिया तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.डी. शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेशचन्द्र सैन एवं काजल शर्मा ने किया। समारोह में विद्यालय के समस्त स्टाफसदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस कमिश्नर 14 को करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस आयुक्तालय के पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 14 मार्च शनिवार को पुलिस थाना बगरू में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान बगरू सर्किल के बगरू, सेज, भांकरोटा और बिंदायका थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्रों के परिवादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करना है। इस दौरान पुलिस अधिकारी मौके पर ही शिकायतों की सुनवाई कर आवश्यक निर्देश भी देंगे।

# 12 मार्च वर्ल्ड किडनी दिवस विशेष

## मौत को हराकर विश्व विजेता बनने की कहानी


निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** व्यक्ति अपने हौंसले और मजबूत इरादों से सफलता की एक नई इबारत लिख सकता है चाहे परिस्थितिया कितनी भी विपरीत क्यों न हो। ऐसी ही एक नजीर पेश की है जाखल भवानी सिंह शेखावत ने। कम उम्र में दोनों किडनी खराब होने के कारण मृत्यु की दहलीज पर पहुंच गए थे । लेकिन उसके बाद उन्होंने अपने आत्मबल से जो सफलताओं की कहानी लिखी वह इस दुनिया में बिरले लोग ही है जो कर पाते हैं।

19 वर्ष की उम्र में कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दोनों किडनी खराब होने से भवानी सिंह 4 माह तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करते रहे। उसके बाद उनके पिताजी स्वर्गीय घनश्याम सिंह ने अपनी एक किडनी दान देकर उन्हें दूसरा जीवन दिया। लेकिन इसके बाद भी इनकी कठिनाइयां कम नहीं हुई। पिता की किडनी खुद के शरीर में होने से मंहगी जीवनरक्षक दवाइयां लेनी पड़ी, जिनका विपरीत प्रभाव यह होता है कि वो उस किडनी को बचाने के लिए खुद के शरीर की रोगप्रतिरोध शक्ति को कम कर देती है, इससे दूसरे को होने वाला मामूली संक्रमण या बीमारी भी उस मरीज को आसानी से लग जाती है। इतनी कठिन शारीरिक बाध्यता के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारी और अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की और आरपीएससी द्वारा आयोजित नर्स भर्ती परीक्षा 2010 में पूरे राजस्थान में 20 वीं रैंक प्राप्त कर सरकारी नौकरी हेतु चयनित हुए। इन्होंने राजस्थान ही नहीं रेलवे की नर्सिंग सेवा, एम्स दिल्ली, पीजीआई चंडीगढ़, अहमदाबाद आदि की परीक्षा भी पास की लेकिन अपनी शारीरिक परिस्थिति और माता-पिता की सेवा के चलते अपने खुद के गांव में पोस्टिंग लेना उचित समझा। धीरे धीरे शारीरिक परिस्थिति में सुधार होने पर उन्होंने खेलो में रुचि लेना शुरू किया और पहली बार 2016 में मुंबई में आयोजित नेशनल ट्रांसप्लांट खेलो में भाग लिया और रजत पदक प्राप्त किया। इस पदक के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और ट्रासप्लांट खेलो के इतिहास में इतने कीर्तिमान स्थापित कर दिए की उन्हें देखकर नवीन अंगप्राप्तकर्ता खिलाड़ी प्रेरणा लेते है। 2016 के बाद प्रतिवर्ष उन्होंने राष्ट्रीय ट्रांसप्लांट खेलो में भाग लिया और हर बार उन्होंने पदक प्राप्त किया। वर्ष 2023 में अप्रैल माह में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट खेल में भाग लेने वाले भारतीय दल का सदस्य बनने का मौका मिला और उन्होंने उस मौके पर विश्वपटल पर राजस्थान का स्वर्ण अक्षरों में इतिहास लिख दिया। उन्होंने पेंटाक खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। वे राजस्थान के पहले खिलाड़ी बने जिन्होंने वर्ल्ड ट्रांसप्लांट खेलो के इतिहास में पदक जीता हो। इन खेलो के अंतिम दिन लॉनबाल खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रकार इन्होंने अपने पहले ही वर्ल्ड ट्रांसप्लांट खेलो में दो पदक हासिल किए। उसके बाद उन्होंने सितंबर 2023 में बैंकॉक में आयोजित एशियन पेटांक ट्रांसप्लांट चैंपियनशिप में भाग लेते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त किया। जनवरी 2024 में पटाया थाईलैंड में आयोजित थाईलैंड लॉन बॉल ओपन चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग का व्यक्तिगत श्रेणी का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। ऐसे करने वाले वो पहले भारतीय भी बने। इन्हीं खेलो में टीम स्पर्धा का कांस्य पदक भी हासिल किया। जून 2024 में वर्ल्ड स्पोर्ट्स ट्रांसप्लांट चैंपियनशिप बैंकॉक खेलो में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल तीन पदक प्राप्त किए। अक्टूबर 2024 के पहले सप्ताह में आयोजित ऑस्ट्रेलियन ट्रांसप्लांट गेम्स में भाग लेकर पेटांक खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण, युगल स्पर्धा में स्वर्ण और लॉन बॉल की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी काबिलियत और क्षमता का परिचय दिया। इन खेलो के तुरंत बाद अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में हांगकांग ट्रांसप्लांट खेलो में भाग लिया और तीन रजत और एक कांस्य सहित चार पदक प्राप्त किए। पिछले साल अगस्त 2025 में जर्मनी के ड्रेसडेन शहर मे आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट खेलो में दूसरी बार पुनः भारतीय दल के सदस्य के रूप में भाग लेने का मौका मिला और शेखावत ने पुनः अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए पेटांक खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक और युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर पुनः देश के साथ साथ राजस्थान का नाम भी विश्व पटल पर रोशन किया। इस प्रकार इन्होंने पिछले 3 वर्ष में 7 अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कुल 18 पदक प्राप्त किए। ऐसा करने वाले वो भारत के पहले खिलाड़ी है जिन्होंने 18 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हो। शेखावत की इस उपलब्धि पर राज्य सरकार ने उपखंड स्तर एजिला स्तर और राज्य स्तर पर सम्मान देकर हौंसला बढ़ाया। साथ ही नर्सिंग क्षेत्र के राज्य के सर्वोच्च सम्मान फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से भी नर्सेज दिवस पर इनको नवाजा गया। शेखावत की यह उपलब्धि हिम्मत न हारने की प्रेरणा देती है जिन्होंने अपने खुद के हौंसले से अपने आत्म बल का उत्तम प्रदर्शन कर विश्व के क्षितिज पर अपनी कामयाबी की पताका फहराई है। दवाब में भी न टूटने और मुश्किलों के आगे न झुकने की एक संघर्ष की गौरव गाथा है।

# नोखा अस्पताल में बुजुर्ग महिला का हुआ घुटना प्रत्यारोपण



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने 60 वर्षीय नाथादेवी का सफल घुटना प्रत्यारोपण किया है। अस्पताल में ऐसा ऑपरेशन पहली बार किया गया है। गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित नाथादेवी को इस ऑपरेशन के बाद चलने-फिरने में हो रहे दर्द से बड़ी राहत मिली है।

### उठना-बैठना और चलना मुश्किल हो रहा था

नाथादेवी पत्नी उगमा राम लंबे समय से घुटने के गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से जूझ रही थीं। उनके लिए उठना-बैठना और चलना बेहद मुश्किल तथा दर्दभरा हो गया था। डॉक्टरों के प्रयासों से उन्हें अब एक नया जीवन मिला है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. सुनील बोथरा के मार्गदर्शन में डॉ. सुमित माचरा और उनकी टीम ने यह जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के बाद नाथादेवी धीरे-धीरे बिना दर्द के चलने-फिरने लगी हैं। इस सफल ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. जयनारायण विश्नोई, डॉ. सुंदरलाल बिश्नोई, नर्सिंग ऑफिसर आशु सिंह और मेनका, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नेमीचंद तथा नर्सिंग कर्मचारी मनीष ओझा का विशेष सहयोग रहा।

### नए भवन का निर्माण अभी भी चल रहा

नोखा जिला अस्पताल, जिसका भवन अभी निर्माणाधीन है, अपने पुराने परिसर में उपलब्ध संसाधनों के साथ ही मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। कुछ समय पहले यहां स्तन संबंधी बीमारी से पीड़ित एक महिला का भी सफल ऑपरेशन किया गया था। पहले नोखा क्षेत्र के हजारों लोगों को छोटे ऑपरेशन और जांच के लिए बीकानेर जाना पड़ता था। अब स्थानीय डॉक्टरों की मेहनत के कारण उन्हें अपने घर के पास ही सरकारी अस्पताल में बेहतर चिकित्सा मिल रही है, जिससे उनके समय, धन और श्रम की बचत हो रही है।

# एसडीएम ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

## समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चिड़ावा एसडीएम डॉ. नरेश सोनी ने शहर के सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों का हाजरी रजिस्टर चेक किया। इसके बाद एक दिन पूर्व हुए घटनाक्रम को लेकर एईएन निधि मिश्रा से नाराजगी जताई और लोगों को परेशान नहीं करने व त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान आम लोगों से भी बात कर उनकी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम पंचायत समिति परिसर पहुंचे और बीडीओ अनीषा बिजारणियां से स्टाफ और कार्य विभाजन की जानकारी ली। उन्होंने वृद्ध जन पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और सामाजिक पेंशन के अटके आंकड़ों के बारे में जानकारी लेकर अटके हुए मामलों के जल्द निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए नरेगा कार्मिकों के लिए उचित छाया और पानी की व्यवस्था के भी आदेश दिए। इसके बाद ब्लॉक शिक्षा कार्यालय भी गए और स्टाफ की उपस्थिति जांची। उन्होंने यहां भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया भी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि कार्य व्यवस्था दुरुस्त मिली। कुछ कमियां थी, उसको लेकर निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बिजली निगम की एईएन ने भी कल की घटना पर खेद जताया है और उनको भविष्य में उपभोक्ताओं से उचित संयमित व्यवहार रखने की नसीहत दी गई है।

# शीतला अष्टमी पर मंदिर में हुई शीतला माता की मनुहार



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शीतलाष्टमी पर बासेड़ा को लेकर जहां मंगलवार शाम को महिलाओं ने रांधापोआ किया। इससे व्यंजनों की महक से रसोई महकी। शीतलाष्टमी से एक दिन पूर्व व्यंजन और भोजन तैयार किए गए। इन व्यंजनों और भोजन को ही रांधापोआ कहा जाता है। मंगलवार को देर रात एक बजे से ही शीतला माता के मंदिर में पूजन को महिलाएं उमड़ पड़ी। शीतला माता को शीतल जल और घर और बनाए प्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद महिलाओं ने कथा भी सुनी।

मंदिर परिसर के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं और बच्चों ने खूब खरीददारी की। शीतलावाला परिवार के सदस्यों ने दर्शन के लिए बैरिकेडिंग लगाकर व्यवस्था की। जिससे दर्शन में महिलाओं को सहूलियत रही। पूजन के बाद एक दिन पूर्व बने भोजन को ही घर में प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाएगा। जिसमें गुलगुला, पकोड़ी, फालरी, भोगळी, राबड़ी, दही, पापड़िया, गुजिया, पूड़ी, मिक्स सब्जी, विभिन्न प्रकार की तली रंग-बिरंगी कचौरियां, परांठे, नारियल की घर पर बनी मिठाई, विभिन्न लोक व्यंजन तथा अनेक सूखी सब्जियां आदि का प्रसाद लोगों ने चाव से भोग लगाने के बाद ग्रहण किया। इससे पूर्व मंदिर परिसर में भजन संध्या भी हुई। जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से माता शीतला को रिझाया। मंदिर परिसर इस दौरान रोशनी से नहाया नजर आया तो वहीं माता शीतला की मूर्ति का भी विशेष नयनाभिराम श्रृंगार किया गया।

# पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सौर संयंत्र लगने से बदली खेती की तस्वीर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब किसान समृद्ध हो रहे हैं तथा खेती की तस्वीर बदल रही है। ऐसा ही एक उदाहरण है चूरू जिले के की सरदारशहर तहसील के अमरसर गांव के किसान मघदास पुत्र दुर्गादास स्वामी का जिन्होंने पीएम कुसुम योजना का लाभ लेकर अपनी खेती को नई दिशा दी है। किसान मघदास बताते हैं कि पहले उनके पास बिजली का कनेक्शन नहीं था। इसके कारण उन्हें केवल बारानी बरसात आधारित खेती पर निर्भर रहना पड़ता था। पानी की कमी के कारण वे साल में सिर्फ एक ही फसल ले पाते थे, जिससे खेती से उनकी आय बहुत कम थी। फिर उन्हें उद्यानिकी विभाग से पीएम कुसुम योजना के बारे में



जानकारी मिली तो उन्होंने पीएम कुसुम योजना कंपोनेंट-बी के तहत उद्यानिकी विभाग की सहायता से 7.5 एचपी का सौर ऊर्जा संयंत्र व ट्यूबवेल से सिंचाई की स्थायी व्यवस्था की। उन्हें विभाग द्वारा 60 प्रतिशत अनुदान भी दिया गया। मघदास बताते हैं कि पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सौर संयंत्र स्थापित होने के बाद उनकी खेती की स्थिति पूरी तरह बदल गई। उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित पम्प संयंत्र स्थापित कर सिंचाई की स्थायी व्यवस्था बनाई। अब वे अपने ट्यूबवेल से लगभग 03 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई आसानी से कर सकते हैं। मघदास बताते हैं कि सौर संयंत्र स्थापित होने के बाद उनकी खेती में बड़ा परिवर्तन आया, वह यह कि पहले जहां उन्हें सिंचाई के लिए रात में खेतों पर जाना पड़ता था, वहीं अब वे दिन के समय ही सभी कृषि कार्य आराम से कर लेते हैं और अब रात में नहीं जागना पड़ता। मघदास का कहना है कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। इसी क्रम में जिन किसानों के पास कम भूमि है और बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनके लिए यह योजना विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हो सकती है। मघदास कहते हैं कि सरकारी योजनाओं और आधुनिक तकनीक के सही उपयोग से खेती को अधिक उत्पादक और आयवर्धक बनाया जा सकता है।

किसान मघदास बताते हैं कि इस सुविधा के कारण अब वे रबी और खरीफ दोनों मौसमों में फसल ले पा रहे हैं। परिणामस्वरूप उनकी खेती से होने वाली आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। वह योजना के संचालन के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसान समृद्धि की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है।

# जिला कार्यशाला 14 मार्च को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला 14 मार्च को दोपहर 12:15 बजे जिला भाजपा कार्यालय में होगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच होंगे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के शीर्ष नेतृत्व, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा व मंडलों के पदाधिकारी, मंडलों के प्रभारी, मंडलों के प्रशिक्षण अभियान के संयोजक एवं सहसंयोजक, सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व पदाधिकारियों सहित जिले के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

# सामाजिक सेवा के लिए मानद डॉक्टरेट प्राप्त करने पर वरिष्ठ अध्यापक सैनी का सम्मान



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट ऑनरेरी डॉक्टरेट पुरस्कार प्राप्त करने पर वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें माला, साफा एवं गुलदस्ता भेंट कर स्मृति-चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रधान रामचंद्र के साथ उप-प्राचार्य नवनीत, ओमप्रकाश वर्मा, महेंद्र बुरडक, बिमला, सुमन, प्रेमलता, बजरंग मीणा, श्रीराम सुंडा, प्रदीप सिंह शेखावत, प्रमोद मान, जगदीश प्रसाद पीटीआई, गोपाल मिर्धा, श्याम सिंह काव्या, कैलाश काव्या, सुनील कुमार, जयपाल, महेंद्र मीणा, वीरेंद्र श्योराण सहित विद्यालय परिवार के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था प्रधान रामचंद्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं संदीप सैनी ने कहा कि इस सम्मान से उन्हें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण और लगन के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

# जांगिड़ बने गायक, एलबम में बावलिया बाबा के गीतों को दी आवाज

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** फिल्म अभिनेता राज जांगिड़ ने अब गायन के क्षेत्र में भी कदम रख दिया है। उन्होंने हाल ही में एक भक्ति एलबम में बुगाला स्थित बावलिया बाबा के गीतों को अपनी आवाज दी है।

एलबम के गीतों में बाबा के प्रति आस्था और भक्ति का सुंदर चित्रण किया गया है। फिल्म निर्देशक क्षितिज कुमार ने बताया कि एलबम में शामिल गीतों की



रिकॉर्डिंग हाल ही में जयपुर के डायमंड स्टूडियो में पूरी हुई है और जल्द ही इसे दर्शकों व श्रद्धालुओं के बीच जारी किया जाएगा। इसके निर्माता प्रदीप सोनी व रिकॉर्डिस्ट रघुनंदन सोनी हैं। अभिनेता राज जांगिड़ ने बताया कि बावलिया बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है, इसलिए उन्होंने इस भक्ति एलबम में गीत गाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों और भक्तों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एलबम के माध्यम से बावलिया बाबा के भक्त दुनिया भर में हैं जिसके चलते बाबा की महिमा दूर-दूर तक पहुंचेगी। हर साल लगने वाले मेले पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। एलबम को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।

# आईटीबीपी में कार्यरत जवान का हृदय गति रुकने से निधन

## युवाओं ने निकाली तिरंगा रैली



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के मेहाड़ा गुजरवास गांव के आईटीबीपी में कार्यरत जवान का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके पैतृक गांव में बुधवार ससम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान युवाओं ने मेहाड़ा पुलिस थाने से लेकर जवान के घर तक तिरंगा रैली निकाली। आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सचिन यादव ने बताया कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र की गुजरवास निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र गोविंद राम सेन 32 बटालियन आईटीबीपी कानपुर में तैनात थे। मंगलवार को पहरे पर ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में दर्द होने पर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस दौरान हृदय गति रुकने से जवान राजेंद्र कुमार का निधन हो गया। जवान राजेंद्र कुमार ने वर्ष 1988 मे आईटीबीपी में कांस्टेबल के रूप में ज्वाइन किया था। जवान राजेंद्र कुमार के दो बेटे विकास और योगेश है। जवान राजेंद्र कुमार के निधन होने की सूचना जब परिवार वालों को मिली तो घर में कोहराम सा मच गया तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। जब उनकी पार्थिव देह गांव में पंहुची तो युवाओं की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई। इंस्पेक्टर सचिन यादव ने बताया कि राजेंद्र कुमार बहुत ही होनहार और बहादुर जवान के रूप में कार्य करते थे। वह उच्च अधिकारियों की ओर से दिए जाने वाले टास्क को लगन व मेहनत के साथ पूरा करते थे। उन्होंने आईटीबीपी की ओर से चलाए जाने वाले आपरेशन में हिस्सा लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके निधन होने से आईटीबीपी को काफी गहरा आघात लगा है। इस दौरान आईटीबीपी की टुकड़ी की ओर से गार्ड ऑफऑनर देकर अंतिम विदाई दी। इस मौके इस मौके पर नरेश यादव, हवलदार सुरेश कुमार, एसआई कर्ण सिंह, बाबूलाल, हरीश सेन, सरपंच प्रकाश अवाना, विजय गुर्जर, सुवाराम, देवराज, छोटू गुर्जर, सुरेंद्र दायमा, संदीप कुमार, निखिल कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मंगल भावना कार्यक्रम संपन्न



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** शासन गौरव साध्वीश्री राजीमती के मंगल विहार के अवसर पर आयोजित मंगल भावना कार्यक्रम का प्रथम चरण भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर साध्वी प्रभातप्रभा एवं साध्वी पुलकितयशा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से सभी को भाव-विभोर किया। कार्यक्रम में अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने अपने भावपूर्ण उद्गार प्रस्तुत किए। जिनमें प्रमुख रूप से सभा मंत्री मनोज घिया, युवक परिषद मंत्री सुरेश बोथरा, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति मरोठी, महिला मंडल मंत्री मोनिका बैद, निर्मल भूरा, इंदर चंद बैद कवि, सुनील बैद, जयश्री भूरा, मंजु बैद, धारा लूणावत, सोनू बोथरा, रितिक बुच्चा, देवांश बैद, निष्ठा बैद, चार्वी बैद, ईशा बैद आदि ने अपने भाव व्यक्त किए। बाहर से पधारे रोशन बोथरा ने भी अपनी मधुर गीतिका के माध्यम से मंगल भावना की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष सुमन मरोठी द्वारा किया गया। ज्ञात रहे कि साध्वीश्री का विहार 13 मार्च को गुरु महाश्रमण दर्शनार्थ लाडनूं की तरफ रहेगा।

# गैस सिलेंडर कीमत बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का आज व कल प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए की बढ़ोतरी और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने के विरोध में 12 और 13 मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर संकट की स्थिति पैदा हो गई है। पहले से ही महंगाई से परेशान आम जनता पर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि कर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों का आयोजन करना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देश दिए हैं कि 12 और 13 मार्च को जिला मुख्यालयों पर केंद्र सरकार के खिलाफविरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएं।

इन प्रदर्शनों के माध्यम से गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अघोषित रूप से रोकने के मुद्दे पर विरोध दर्ज कराया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार प्रदर्शन के जरिए आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया जाएगा।

# प्रगति पर्व में सम्मानित हुई प्रेरक उपलब्धियां

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** अम्बुजा फाउंडेशन द्वारा संचालित सेडी चिड़ावा में श्प्रगति पर्व 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के विकास, महिला शक्तिकरण, कौशल विकास और आजीविका संवर्द्धन की प्रेरक उपलब्धियों को साझा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग रहे। अम्बुजा फाउंडेशन की ओर से सीनियर जनरल मैनेजर मनोज अग्रवाल ने उपस्थित अम्बुजा परिवार के सदस्यों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज और कलश यात्रा के साथ हुई। इस कलश यात्रा में 51 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सहभागिता की ओर से सिर पर कलश लेकर जल संरक्षण और जल जागरूकता का संदेश दिया। यह यात्रा सामुदायिक सहभागिता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जनजागरण का प्रतीक बनी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. गोपाल प्रसाद लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, विजेन्द्र राठौड़ उप निदेशक आईसीडीएसए अभिषेक चौबदार महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, दयानंद सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय, घनश्याम, सीएसआर प्रबंधक हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, प्रोफेसर त्रिवेणी बिट्स पिलानी, रवि जांगिड़ तथा आरएसईटीआई निदेशक मनोज कुमार उपस्थित रहे। इसके साथ ही उद्योग जगत से शिवा, ऑन शिव हेल्थ केयर और केशव, सीके बिड़ला हॉस्पिटल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विष्णु प्रसाद, जोनल मैनेजर ने चिड़ावा क्षेत्र में संचालित अम्बुजा फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति साझा की। उन्होंने बताया कि कृषि आधारित आजीविका कार्यक्रम, जल संसाधन प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सेडी के माध्यम से प्रशिक्षित 8000 से अधिक युवा आज देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जो इस पहल की सफलता का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों और समुदाय के सदस्यों को सम्मानित किया गया। एक वर्ष से अधिक समय से अपने कार्यस्थल पर निरंतर और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 युवाओं को शिसल्वर आइकॉन सम्मान प्रदान किया गया।

वहीं कार्यक्रम की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने में असाधारण योगदान देने वाले 5 प्रतिभागियों को अम्बुजा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 11 लखपति सखियों का भी सम्मान किया गया, जो विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। युवाओं को आगे बढ़ाने और उच्च शिक्षा तथा कौशल उन्नयन के लिए प्रेरित करने हेतु सेडी के दो पूर्व छात्रों को 15-15 हजार रुपए की अपस्किलिंग छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ये दोनों एल्युमिनाई वर्तमान में कार्यरत हैं और साथ ही उच्च स्तरीय कौशल व शैक्षणिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं। कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिकल ट्रेड के 18 प्रशिक्षुओं को टूल किट वितरित की गई, जिससे वे प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार या रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अतिरिक्त नव चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए, ताकि वे अपने कौशल प्रशिक्षण की नई यात्रा की शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

नारी शक्ति विषय पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानी को दर्शाया। इसके साथ ही द अम्बुजा स्टोरी पर आधारित नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अम्बुजा सीमेंट की स्थापना, संघर्ष, दूरदर्शिता और अम्बुजा फाउंडेशन के माध्यम से समुदाय के विकास की यात्रा को भावपूर्ण ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अम्बुजा फाउंडेशन के जल संसाधन प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, कृषि आधारित आजीविका और कौशल विकास जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की उपलब्धियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में अम्बुजा फाउंडेशन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, युवा शक्ति, मातृ शक्ति और बड़ी संख्या में ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अनिल गुप्ता, प्रोग्राम मैनेजर ने आभार व्यक्त करते हुए वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया और धन्यवाद दिया।

# आंखों के इलाज की नई तकनीकों पर आठ हजार विशेषज्ञ जुटेंगे

निसं





**जयपुर ( नवयत्न )।** आंखों से जुड़ी बीमारियों के उपचार और नवीनतम शोध पर चर्चा के लिए जयपुर में देश-विदेश के विशेषज्ञ जुटेंगे। ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी की 84वीं वार्षिक अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एआईओसी-2026 का आयोजन 12 से 15 मार्च तक सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होगा। इस चार दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित कई देशों से करीब आठ हजार से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और इंडस्ट्री लीडर्स भाग लेंगे। इस सम्मेलन के दौरान आंखों की बीमारियों और उनके उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से किया जा रहा है, जो नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान और नई तकनीकों को साझा करने का बड़ा मंच बनेगा। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी मुकेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन एक अनोखा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें विभिन्न फलों को क्रम से सजाकर हेल्दी आईज, हैप्पी लाइफ वाक्य बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे और अंतिम फल रखकर रिकॉर्ड प्रयास को पूरा करेंगे। ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह आई केयर प्रोफेशनल्स की दुनिया की सबसे बड़ी अकादमिक बैठकों में से एक है। जिसमें नई चिकित्सा तकनीकों और शोध पर व्यापक चर्चा होगी। साइंटिफिक कमेटी की चेयरपर्सन नम्रता शर्मा के अनुसार सम्मेलन में ऑप्थल्मोलॉजी की पूरी रेंज को शामिल किया गया है। इसमें मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया और ग्लूकोमा की आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के साथ-साथ पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजी, न्यूरो-ऑप्थल्मोलॉजी और ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजी जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। सोसाइटी के प्रेसिडेंट पार्थ बिस्वास और प्रेसिडेंट इलेक्ट जीवन एस. टिटियाल ने कहा कि जयपुर में आयोजित यह सम्मेलन अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत और दुनिया भर में बेहतर आई केयर सेवाओं को सुनिश्चित करने के संकल्प को भी मजबूत करेगा। वहीं ऑनरेरी सेक्रेटरी संतोष जी. होनावर ने कहा कि यह सम्मेलन ऑप्थैल्मिक साइंस और टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलावों को समझने और विशेषज्ञों के बीच अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

# जीएनएम तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा आज से

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल, जयपुर के निर्देशानुसार जीएनएम तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा मार्च-2026 का आयोजन गुरुवार 12 मार्च से 13 मार्च 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा अधीक्षक बजरंग हर्षवाल ने बताया कि परीक्षा का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा का आयोजन चूरू जिला मुख्यालय पर पुरानी सड़क स्थित चूरू बालिका महाविद्यालय में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों को राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल द्वारा जारी एवं संस्थान प्रधान द्वारा प्रमाणित परीक्षा अनुमति पत्र, अध्ययनरत संस्थान का परिचय पत्र, फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र तथा निर्धारित पूर्ण गणवेश में उपस्थित होना है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न नर्सिंग स्कूलों से लगभग 104 प्रशिक्षणार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल की ओर से ऑब्जर्वर/पर्यवेक्षक तथा उड़नदस्ता दल की भी व्यवस्था की गई है।

# दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय श्व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों में आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद कौशल और कार्यस्थल पर सकारात्मक व्यवहार को विकसित करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रशिक्षक रविकांत सैनी ने कर्मचारियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और कार्यस्थल पर शिष्टाचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक व्यक्तित्व न केवल व्यक्ति के विकास में सहायक होता है, बल्कि संस्थान की कार्यक्षमता और रोगी सेवा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ. दीपिका चौधरी ने कर्मचारियों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और प्रभावी संवाद कौशल की बारीकियों को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं कर्मचारियों के व्यक्तित्व को निखारने के साथ संस्थान में सकारात्मक कार्य संस्कृति को भी मजबूत बनाती हैं। इससे रोगी सेवा की गुणवत्ता में भी निश्चित रूप से सुधार होता है। विभागाध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे वे अधिक ऊर्जा और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

# खरड़िया बने राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ के जिला अध्यक्ष

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ (रेस्मा) की ओर से राजेश खरड़िया को संगठन का झुंझुनू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व शिक्षक नेता जगदेव सिंह खरड़िया ने बताया कि राजेश खरड़िया महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बेरला में शिक्षक हैं और वह लंबे समय से शिक्षा जगत और शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। संगठनात्मक स्तर पर वे शिक्षकों के अधिकार, पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन विसंगतियों और शिक्षा नीतियों से जुड़े विषयों पर मुखर रूप से अपनी बात रखते रहे है जिसके कारण उन्हें झुंझुनू जिले के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद राजेश खरड़िया ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों की एकजुटता, लंबित मांगों का समाधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सकारात्मक संवाद को आगे बढ़ाना रहेगा। रेस्मा के नए जिला अध्यक्ष के रूप में उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे शिक्षक समाज को संगठित कर एक मजबूत और प्रभावी मंच प्रदान करेंगे।

खरड़िया ने बताया कि प्राथमिकता संगठन को ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक मजबूत करना है ताकि लाखों कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं की आवाज सरकार तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि यह संगठन प्रदेश के समस्त कर्मचारी वर्ग और बेरोजगार युवाओं के अधिकारों के लिए भी संघर्ष करेगा। खरड़िया ने जोर दिया कि संगठन न्याय की उम्मीद लगाए बैठे युवाओं और कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएगा।

# वैश्य समाज के भविष्य पर जयपुर में होगा मंथन

निसं





**जयपुर ( नवयत्न )।** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन राजस्थान की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय मंथन बैठक 14 और 15 मार्च 2026 को जयपुर के भांकरोटा स्थित समुराई रिसोर्ट में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं और लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक में राजस्थान के करीब 40 जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष और जिला कोषाध्यक्ष सहित महिला और युवा इकाइयों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें संगठन के विस्तार, समाज में एकता को सुदृढ़ करने, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सामाजिक, शैक्षणिक और सेवा कार्यों को नई दिशा देने के विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन के राजस्थान प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, नके गुप्ता, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कालानी ने बताया कि बैठक का उद्घाटन भजनलाल शर्मा करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके अलावा मुख्य वक्ता के रूप में भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन में स्वागत अध्यक्ष के रूप में संजय अग्रवाल तथा सह-स्वागत अध्यक्ष सुनील जैन और समुराई रिसोर्ट के संचालक सह-स्वागत अध्यक्ष ताराचंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही बैठक में संगठन की तीनों इकाइयों-मुख्य इकाई, महिला इकाई और युवा इकाई-द्वारा वर्तमान वर्ष में किए गए सामाजिक, संगठनात्मक और सेवा कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी समय के लक्ष्यों, योजनाओं और कार्ययोजना पर व्यापक मंथन किया जाएगा। युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता तथा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष चारु गुप्ता के नेतृत्व में दोनों इकाइयों की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा होगी। साथ ही बैठक में विकसित भारत-विजन 2047 में वैश्य समाज की भूमिका विषय पर भी मंथन किया जाएगा। जिससे समाज की सामूहिक शक्ति को राष्ट्र निर्माण से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके।

# गोचर भूमि में अवैध निर्माण का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गोचर भूमि में अवैध निर्माण की शिकायत की गई है। ठरड़ा रोड़ के निवासी निरंजन ने तहसीलदार, नगरपरिषद आयुक्त और उपखंड अधिकारी के नाम दिए अलग-अलग प्रार्थना पत्रों में बताया है कि अर्जुन पुत्र लच्छीराम द्वारा ठरड़ा रोड़ पर पंचमुखी बालाजी मंदिर के सामने 5 मार्च से लेकर अब तक ईंट, पत्थर, बजरी, कंकरीट आदि डालकर अवैध रूप से मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। जबकि मोहल्ले के लोग उक्त गोचर भूमि में अवैध रूप से निर्माण करने के लिए मना कर रहे हैं। पत्र में तुरंत प्रभाव से अवैध निर्माण रूकवाये जाने की मांग की गई है।

**इनका कहना है:** तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि मामले की शिकायत मिलते ही मौके पर पटवारी और गिरदावर को भेजकर रिपोर्ट मंगवाई गई है। जिस प्रकार की रिपोर्ट प्राप्त होगी, उसके आधार पर आगामी कार्यवाही की जायेगी।

# शीतला माता की हुई पूजा, मंदिरों में सुबह से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में बुधवार को शीतला अष्टमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर हर जगह शीतला माता के मंदिर में ठंडे पकवान का भोग लगाकर महिलाओं ने माता की पूजा अर्चना की। खेतड़ी के ऐतिहासिक भोपालगढ़ स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने शीतला माता के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। कस्बे में सैकड़ों वर्ष पुराने भोपालगढ़ स्थित मंदिर की पौराणिक मान्यता है कि यहां के राजा बाकायदा हाथी के साथ गाजे-बाजे की धुन पर शीतला माता के दर्शन करते थे। वहीं कछु, की पुरानी जेल के पास शीतला माता मंदिर में सुबह चार बजे के बाद से ही शीतला माता के मंदिर में लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली और सुबह तक महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिर में माता के ठंडे पकवानों का लगाया व भोग एचावल एबाजरा एवं राबड़ी के साथ ठंडी रोटी का चढ़ाया गया। माता को प्रसाद आज शीतला अष्टमी के दिन बासेडा का पर्व महिलाओं द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है और माता शीतला के मंदिरों में महिलाओं की अलसुबह ही भीड़ लगने चालू हो गई। माता के ठंडे पानी के छींटे आंखो पर लगाकर माता से सुख समृद्धि की कामना की गई। व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने बताया कि इस साल माता के मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ रही है और शीतला माता का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। सिंघाना के पिठौला मौहल्ला स्थित शीतला माता के मंदिर में महिलाओं ने माता के ठंडे पकवानों का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से मेले का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं व बच्चों ने मेले का लुफ्त उठाया। इस दौरान निर्मला, रीमा, सुमन, बबीता, संपत, सुशीला, बिरला, विद्या देवी, अनामिका, सुनीता, लक्ष्मी देवी, बाला देवी, कांता देवी, प्रभाती, पतासी, चंपा देवी, शर्मिला, नेहा दाधीच, कृष्णा, अंतिमा, नेहा, ज्योति सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

# बास्योड़ा पर्व मनाया

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** महिलाओं ने शीतला माता को बासी पकवान का भोग लगाकर शीतला अष्टमी (बास्योड़ा) पर्व मनाया। इस दौरान छोटे बच्चों को माता शीतला की धोक लगवाई। होली से आठ दिन बाद बास्योड़ा का त्योहार आता है जिसमें माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। मां शीतला को बासी पकवान का भोग लगता है इस दिन घर के सभी सदस्य भी बासी पकवान प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। महिलाएं सप्तमी रात्रि को शीतला माता की प्रसाद तैयार कर रख देती है अष्टमी को अल सुबह उठकर महिलाएं बच्चों के साथ माता की पूजा अर्चना कर बासी पकवान का भोग लगाती है।

## सम्पादकीय

# बारूद की कविता और शांति के नोबेल की चाह




अब ट्रंप की गिद्ध दृष्टि का शिकार ईरान है। तेल की खुशबू उन्हें पागल बनाती है। दावा करते हैं कि ईरान की जनता को कट्टरपंथी व्यवस्था से आजाद कराएंगे। यह वही ट्रंप हैं जो खुद टैरिफ के ऐसे कट्टर आतंकी हैं यानी उन्हें देखकर कट्टरपंथ भी शरमा जाए।

आंखों में शांति के नोबेल का सपना और उंगलियों में मिसाइल के बटन। कल तक वे शांति-दूत बनने का दम भरते थे, आज वे मध्यपूर्व में बम बरसा रहे हैं। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप जब बोलते हैं, तो लगता है कोई कार्टून बोलता है। डोनाल्ड ट्रंप जब शांति के नोबेल की चर्चा करते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे कसाई छुरी धोते हुए शाकाहार पर भाषण की जुगाली कर रहा हो। ट्रंप की शांति ठीक वैसी है जैसी मोहल्ले का दबंग कहता है, 'मैं बहुत सीधा आदमी हूं, लेकिन अगर कोई सीधा न चले तोऽ...'

दुनिया के दारोगा बनकर वेनेजुएला को ऐसे नाप लिया जैसे कोई संप्रभु राष्ट्र नहीं, बल्कि व्हाइट हाउस की पिछवाड़े पड़ी पैतृक जमीन हो। जिस देश की जनता ने अपना नेता खुद चुना, वहां ट्रंप साहब ने 'स्वयंभू राष्ट्रपति' पैदा कर दिया। न चुनाव, न संसद, न जनता। उन्हें लगता है कि दुनिया का लोकतंत्र तो व्हाइट हाउस के रिमोट कंट्रोल से चलता है। वेनेजुएला के मामले में ट्रंप ने यह साबित कर दिया कि उनके लिए विश्व के देश अब भूगोल नहीं, बल्कि शतरंज की गोटियां हैं। वह जब चाहें उन्हें उलट-पलट सकते हैं।

अब ट्रंप की गिद्ध दृष्टि का शिकार ईरान है। तेल की खुशबू उन्हें पागल बनाती है। दावा करते हैं कि ईरान की जनता को कट्टरपंथी व्यवस्था से आजाद कराएंगे। यह वही ट्रंप हैं जो खुद टैरिफ के ऐसे कट्टर आतंकी हैं यानी उन्हें देखकर कट्टरपंथ भी शरमा जाए। सैकड़ों प्रतिशत टैरिफ की धमकी ऐसे दी जाती है जैसे किराएदार को डराने के लिए कहा जा रहा हो 'बहुत मत बोलो, नहीं तो बिजली-पानी का बिल बढ़ा दूंगा।' पल में तोला, पल में माशा वाले ट्रंप यू-टर्न राष्ट्रपति बन गए हैं आज युद्ध तो कल सीजफायर। परसों फोन कॉल और फिर बयान कि 'मैंने कभी कहा ही नहीं।' उनके झूठों की कतार इतनी लंबी है कि अब तो लाइनें भी थक गई हैं, और झूठ खुद शर्मसार होकर मुंह फेरने लगे हैं। ट्रंप अपने बयानों में बार-बार फिसलते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वे नैतिकता के प्रोफेसर बन जाते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार की बात करते-करते बारूद पर कविता लिख रहे ट्रंप अब डोनाल्ड डक जैसे दिखने लगे हैं। ट्रंप आज भी दुनिया को डराने में लगे हैं। कभी टैरिफ से, कभी धमकी से, कभी ट्वीट से। पर इतिहास बड़ा बेरहम होता है। वह न टैरिफ जानता है, न ट्वीट मानता है। वह सिर्फ इतना लिखेगा—'जिसने शांति के नाम पर सबसे ज्यादा आग बेची, वह खुद अपने ही धुएं में गुम हो गया।' इतिहास जब ट्रंप का हाल देखेगा, तो शायद यही लिखेगा कि जो खुद शांति की बात करता रहा और हर तरफ युद्ध और अशांति फैलाता रहा।

## विशेष आलेख

# सफलता को व्यापक स्वरूप देने का समय




भारत में आज क्रिकेट लेखक एक सुखद दुविधा से गुजर रहे हैं। जैसे-जैसे हमारे क्रिकेटर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, लेखकों को उनकी जीत और इस ऐतिहासिक निरंतरता के गुणगान के लिए शब्दकोशों में नए विशेषणों, ताजा अभिव्यक्तियों और सटीक मुहावरों की तलाश करनी पड़ रही है। पिछले तीन वर्षों में सीमित ओवरों की भारतीय टीम ने आकाशीय ऊंचाइयों को छुआ है। 2023 के वनडे विश्व कप फाइनल की हृदयविदारक हार के बाद से हमारी सफलता का ग्राफ निरंतर ऊपर ही रहा है। हमने 2024 का टी-20 विश्व कप जीता, मार्च 2025 में चैंपियंस ट्राफी, अक्टूबर 2025 में एशिया कप और अब सफलतापूर्वक अपने टी-20 खिताब का बचाव किया है। इस हालिया जीत से कई उपलब्धियां पहली बार हासिल हुईं।

भारत ने रिकार्ड तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जीता और हम खिताब का बचाव करने वाली और पहली विजेता मेजबान टीम बने। पिछले पांच बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में से हमने चार जीते और उनमें हमारा जीत-हार का रिकार्ड 37-2 रहा है। यह वास्तव में भारतीय टीम की निरंतरता और प्रभुत्व का ठोस प्रमाण है। हर सफलता कुछ शौर्यगाथाओं को जन्म देती है। सुखद यह है कि इस विजयगाथा में योगदान देने वाले इतने अधिक खिलाड़ी हैं कि सभी को याद रखना या कुछ ही लोगों की प्रशंसा करना कठिन हो जाता है। यह एक बेहतरीन स्थिति है। आखिरकार क्रिकेट एक टीम खेल ही है, जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक टीम की सफलता मायने रखती है-वह दर्शन जिस पर जोर देने का कोई अवसर कोच गंभीर कभी नहीं छोड़ते।

खेल से जुड़े उतार-चढ़ाव भी इस पूरे टूर्नामेंट में दिखाई दिए। संजू सैमसन, जो मूल टीम का हिस्सा भी नहीं थे, 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' बनकर उभरे। अभिषेक शर्मा, जो हमारे प्रमुख बल्लेबाज के रूप में टूर्नामेंट में गए थे, शुरुआती खराब फार्म के दौर से गुजरे। जब उनकी जगह पर सवाल उठने लगे, तब उन्होंने फाइनल में एक शानदार पारी खेली। इशान किशन ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और व्यक्तिगत दुख के बावजूद फाइनल में हमारे सलामी बल्लेबाजों द्वारा प्रदान की गई लय को आगे बढ़ाया।

हमारी यह जीत कप्तान के महत्वपूर्ण योगदान के बिना भी (सिवाय अमेरिका के विरुद्ध पहले मैच में) संभव हो सकी। इसमें जहां तिलक वर्मा और पांड्या ने कुछ अवसरों पर स्थिति को संभाला, वहीं शिवम दुबे ने एक फिनिशर के रूप में अपने प्रदर्शन से निरंतरता की छाप छोड़ी। बुमराह बेशक एक अभूतपूर्व खिलाड़ी बने हुए हैं। वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 'आल फार्मेट' गेंदबाज हैं। भारत के लिए सौभाग्य की बात है कि दुनिया भर के बल्लेबाज अब तक उनकी काट नहीं ढूंढ़ पाए हैं। वहीं, अक्षर पटेल ने गेंद के साथ-साथ मैदान पर अपनी सूझबूझ और फुर्ती से महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रशंसा के लिए लगभग पूरी टीम का उल्लेख आवश्यक है। यह हमारी सामूहिक शक्ति और खेल में गहरी पैठ का प्रमाण है। यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ी निरंतर कड़ी मेहनत और प्रदर्शन के प्रति सचेत रहें। यहां पुरानी उपलब्धियों पर सुकून से बैठने का समय नहीं मिलता, क्योंकि प्रतिभाशाली युवाओं की एक लंबी कतार हमेशा जगह लेने के लिए तैयार रहती है। इससे असुरक्षा या दबाव पैदा हो सकता है, लेकिन यही भाव क्रिकेटरों को शिथिलता से परहेज करने के लिए प्रेरित करता है, जो लंबे करियर के लिए एक आवश्यक तत्व है। जीत जश्न मनाने का अवसर है, लेकिन निरंतरता के लिए आत्मनिरीक्षण भी जरूरी है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमने विशेष सफलता हासिल की है, लेकिन खेल के मूल यानी टेस्ट प्रारूप का क्या? 2025 के इंग्लैंड के दौरे को छोड़ दें, तो पिछले डेढ़ साल में टेस्ट प्रारूप में हमारा प्रदर्शन औसत से नीचे रहा है। हम आस्ट्रेलिया में हारे और घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सूपड़ा साफ होने की जिल्लत झेलनी पड़ी। वह शायद भारतीय टेस्ट टीम के लिए सबसे निचला स्तर था।

अतीत की महान टीमें चाहे वह सत्तर और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज हो या 2000 के दशक की आस्ट्रेलिया-हर परिस्थिति में सभी प्रारूपों पर राज करती थीं। यह प्रशासकों के सोचने का विषय है कि जहां आइपीएल सीमित ओवरों की प्रतिभा निखारने का बेहतरीन माध्यम है, वहीं पांच दिवसीय क्रिकेट में इसे दोहराने के लिए हमें घरेलू क्रिकेट-वही पुराने रणजी ट्राफी, दलीप ट्राफी और ईरानी कप-पर अधिक ध्यान देना होगा। हमारी बल्लेबाजी में तो गहराई है, पर गेंदबाजी को और पैना करने की जरूरत है। हम बुमराह पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और अश्विन की विदाई ने एक ऐसी रिक्तता पैदा की है, जिसे भरना कठिन है।

22 गज की पट्टी से परे देखें तो एक खेल राष्ट्र के रूप में भारत का उदय अभी अधूरा है। जनसंख्या और अर्थव्यवस्था को देखते हुए हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं से काफी कम प्रदर्शन कर रहे हैं। एक ही खेल में उत्कृष्टता-जहां हम सबसे बड़ी वित्तीय शक्ति हैं-और कुछ अन्य खेलों में छिटपुट सफलता समग्र निराशाजनक परिणाम की भरपाई नहीं कर सकती। एक व्यापक रणनीतिक योजना आवश्यक है, ताकि समय के साथ प्रभावी प्रगति और निरंतर सफलता सुनिश्चित हो सके। हमारी जनसांख्यिकी में आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) की जो कमी हो सकती है, उसे प्रशिक्षण, अनुकूलन और पोषण के माध्यम से दूर करना होगा।

बदलाव आने में पीढ़ियां लगती हैं और निरंतर ठोस प्रयासों का कोई विकल्प नहीं होता। कहते हैं कि 'हजार मील की यात्रा एक छोटे कदम से शुरू होती है।' लेकिन इससे पहले कि हम इस यात्रा पर निकलें, एक खेल संस्कृति विकसित करना आवश्यक है। एक समाज का खेलों के प्रति केवल 'उपयोगितावादी' दृष्टिकोण नहीं हो सकता। हर कोई पेशेवर खिलाड़ी नहीं बनेगा, न ही हर व्यक्ति खेल में श्रेष्ठता के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश या रोजगार नियुक्ति सुनिश्चित कर पाएगा। फिर भी, केवल खेलने के आनंद के लिए खेलना और खेल के आंतरिक लाभों को आत्मसात करना आवश्यक है। जैसा कि कहा गया है, 'आपके पास जो भी प्रतिभा है, उसका उपयोग करें। याद रहे कि जंगल खामोश हो जाएंगे यदि केवल वही पक्षी गाएंगे, जो सबसे अच्छा गाते हैं।'

## आज का राशिफल

### मेष
ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

### वृष
सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

### मिथुन
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

### कर्क
चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

### सिंह
यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### कन्या
व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### तुला
सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक
दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

### धनु
यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी। चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी।

### मकर
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### कुंभ
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

### मीन
पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

## पर्यटन समाचार

# महाराष्ट्र की छिपी हुई यह हसीन जगह किसी जन्नत से कम नहीं

महाराष्ट्र देश का एक ऐसा राज्य है जो अपनी हसीन और मनमोहक जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। महाराष्ट्र में स्थित लोनावला, खंडाला, महाबलेश्वर और पंचगनी जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करने हर दिन पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में स्थित चर्चित जगहों के अलावा कुछ ऐसी छिपी हुई जगहें हैं जहां एक बार घूमने के बाद आप हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड को भूल जाएंगे। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित मालवन भी एक छिपा हुआ खजाना है।



### मालवन बीच

मालवन में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले मालवन बीच का नाम जरूर लिया जाता है। इस समुद्र तट की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। मालवन बीच को लेकर कहा जाता है कि जो पर्यटक प्रकृति से प्रेम करते हैं, वो यहां जरूर पहुंचते हैं। चमकदार सफेद रेत और समुद्र के नीले पानी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। समुद्र तट के किनारे-किनारे मौजूद नारियल और काजू के पेड़ खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। आपको बता दें कि मालवन बीच काफी साफ-सुथरा भी माना जाता है।

### सिंधुदुर्ग फोर्ट

मालवन से कुछ ही दूरी मौजूद सिंधुदुर्ग फोर्ट एक ऐतिहासिक फोर्ट होने के साथ-साथ लोकप्रिय पर्यटक भी स्थल है। कहा जाता है कि इस ऐतिहासिक फोर्ट का निर्माण 1664 में डच, पुर्तगाली और ब्रिटिशों के आक्रमण को विफल करने के लिए बनाया गया था। अरब सागर के किनारे स्थित यह फोर्ट मनमोहक दृश्यों के लिए भी काफी फेमस है। करीब 48 एकड़ में फैले इस फोर्ट से समुद्र की मनमोहक लहरों को निहार सकते हैं। फोर्ट से आप हसीन तस्वीरों को भी कैमरे में कैद कर सकते हैं।

### रॉक गार्डन

मालवन में स्थित रॉक गार्डन एक बेहद ही मनमोहक और खूबसूरत पर्यटन स्थल है। चिलवा समुद्र तट के किनारे स्थित रॉक गार्डन शांत वातावरण के लिए भी काफी फेमस माना जाता है। रॉक गार्डन सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारों के लिए भी काफी फेमस है। खासकर सुबह और शाम के समय रॉक गार्डन कई पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। गार्डन में मौजूद छोटे-बड़े पत्थर भी सूर्य की रोशनी पर चमकते रहते हैं। जब समुद्र की लहरें चट्टानों से टकराती है तो देखना का एक सुखद अनुभव प्राप्त होता है। रॉक गार्डन से कुछ ही दूरी पर फूलों का एक बगीचा भी मौजूद है।

### मालवन में घूमने की अन्य जगहें

मालवन में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं, जहां परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। देवबाग बीच और अर्चना बीच जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा जय गणेश मंदिर और केलबाई मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### स्कूबा डाइविंग का लुत्फ उठाए

महाराष्ट्र के कई समुद्र तट स्कूबा डाइविंग के लिए काफी फेमस माने जाते हैं। वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने के लिए कई लोग परिवार, पार्टनर या दोस्तों के साथ पहुंचते रहते हैं। मालवन में मालवन बीच, देवबाग बीच और अर्चना बीच में स्कूबा डाइविंग का बेहतरीन लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा मालवन में पैरासेलिंग, स्पीड बोट और जेट स्काई का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### मालवन कैसे पहुंचें?

देश के किसी भी कोने से आप मालवन आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप कोल्हापुर से आसानी से पहुंच सकते हैं। कोल्हापुर से मालवन की दूरी करीब 157 किमी है। इसके अलावा पुणे से करीब 7 घंटे की दूरी पर मालवन मौजूद है। मुंबई से मालवन की दूरी लगभग 530 किमी है। ऐसे में आप कोल्हापुर, पुणे या मुंबई जैसे शहर से आसानी से मालवन पहुंच सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर जाने की न करें मलाल हिमाचल की यह जगह है इसकी कॉपी

हिमाचल प्रदेश देश का एक प्रमुख पर्यटन राज्य है। हिमाचल अपनी असीम खूबसूरती, मनमोहक नजारे और अद्भुत जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। उंची-उंची घाटियां, झील-झरने, हसीन पहाड़ और पहाड़ों में मौजूद कुछ अनदेखी जगहें सैलानियों को काफी आकर्षित करती हैं। हिमाचल में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जो जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है।

### सुजानपुर टीहरा

हमीरपुर में स्थित सबसे बेहतरीन जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले सुजानपुर टीहरा का नाम जरूर लिया जाता है। आपको बता दें कि सुजानपुर टीहरा एक फोर्ट है, जिसका इतिहास कटोच राजवंश से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सुजानपुर टीहरा फोर्ट का निर्माण कटोच राजवंश ने 1748 में किया था। ब्यास नदी के किनारे स्थित होने के चलते यह फोर्ट सैलानियों के बीच में भी काफी फेमस है। फोर्ट से व्यास नदी और आसपास के अद्भुत दृश्यों को सिर्फ और सिर्फ निहारने का ही मन करेगा। अगर आप एडवेंचर का शौक रखते हैं, तो रिवर राफ्टिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

### चमेरा झील

हमीरपुर की खूबसूरती में कोई चीज सबसे अधिक चार चांद लगाने का काम करती है तो वो है चमेरा झील है। चमेरा झील हमीरपुर में घूमे जाने वाली सबसे चर्चित और लोकप्रिय जगहों में से एक है। हसीन पहाड़ और खूबसूरत देवदार के पेड़ों के बीच में मौजूद चमेरा झील नौकायन के लिए काफी फेमस मानी जाती है। ऐसे में झील में आप बोटिंग का अद्भुत लुत्फ भी उठा सकते हैं। झील के आसपास कई खाने-पीने की स्टॉल भी लगे होते हैं। मानसून या बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

### नदौन

मुख्य शहर से करीब 20 किमी की दूरी पर मौजूद नदौन एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक जगह है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जगह की स्थापना



कटोच वंश के शासकों द्वारा स्थापित किया गया था। नदौन की खूबसूरती में व्यास नदी बखूबी चार चांद लगाती है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में कटोच वंश के शासकों द्वारा नदौन में ही मछली पकड़ने का काम किया जाता था। नदौन एक प्राचीन मंदिर है, जिसे बेहद ही पवित्र मंदिर माना जाता है। महादेव मंदिर ने फेमस यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

### हमीरपुर टी गार्डन

हमीरपुर चाय बागानों के लिए काफी फेमस शहर माना जाता है। ऐसे में अगर आप किसी बेहतरीन चाय बागान में घूमने का शौक रखते हैं और चाय पीने का शौक रखते हैं, तो फिर आपको हमीरपुर चाय बागान पहुंच जाना चाहिए। हमीरपुर टी गार्डन अद्भुत नजारों के लिए भी काफी फेमस स्थान माना जाता है।

### हमीरपुर में घूमने की जगहें

हमीरपुर में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे-टीरा सुजानपुर वन्यजीव अभयारण्य, अवाह देवी मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर। इन जगहों पर घूमने के साथ-साथ ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# बेटी की निकाली बिंदौरी



निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** विवाह समारोह में बेटों की तरह ही अब बेटियों को भी घुड़चढ़ी की रस्म निभाने की परंपरा ट्रेंड कर रही है। ऐसा ही नजारा मलसीसर में देखने को मिला। नरेंद्र दादरवाल ने शादी से पहले अपनी बेटी को बेटे की तरह घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बिंदौरी निकाली। वर्तमान में बेटियों के प्रति समाज में जागृति आई हैं। अब बेटियों को भी बेटों के समान समझा जाने लगा हैं। जो देश व समाज के लिए अभिनव पहल हैं। ऐसा ही बेटा-बेटी समानता का सन्देश कस्बे के दादरवाल परिवार ने दिया। जिसमें लाडली स्वाति दादरवाल को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली। नरेंद्र दादरवाल ने बताया कि बिटिया की बिंदोरी निकालने का एक मात्र उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के भेद को मिटाकर समानता का सन्देश देना हैं। बिंदोरी में सहेलियों, भाई बहनों, परिवारजनों सहित रिश्तेदारों ने नाचकर खुशियां मनाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृति आती हैं, और बेटा-बेटी समानता के वातावरण का निर्माण होता हैं। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

# जेजेटी में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाया अपना हुनर

निलेश मुद्‌गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं नारी शक्ति, प्रगति दिशा, कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा बुधवार को विश्वविद्यालय की महिला स्टाफ एवं बालिकाओं के द्वारा व्यंजनों के स्टाल एवं स्वयं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंबई से आई उमा विशाल टीबड़ेवाला थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम वर्ष भर में एक बार जरूर होने चाहिए जिससे महिलाएं अपने हुनर का प्रदर्शन कर स्वयं आत्मनिर्भर बन सकती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भी महिलाओं के लिए योजना बना चुके हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ स्नेहलता शेखावत एवं प्रेमलता थी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ नाजिया हुसैन, डॉ अंजना शर्मा, डॉ अनंता साडिंल्या, डॉ आरती पंवार ने बुके देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा हस्तशिल्प वस्तुएं, घरेलू खाद्य पदार्थ, हाथ से बनी राखी ज्वेलरी, क्राफ्ट आइटम, कढ़ाई सिलाई से बने कपड़े तथा स्वादिष्ट खाने-पीने की स्टालें निशानेबाजी के लिए गुब्बारे फोड़ने की इंस्टॉल व स्टंट भी लगे। कार्यक्रम में जेजेटी की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता के सानिध्य में हुआ। यह संपूर्ण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की महिला विकास प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, कला संस्थान के तत्वावधान में किया गया। रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेने आए महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संपदा निदेशक इंजीनियर बीके टीबड़ेवाला, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ महेश सिंह,, डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ इकराम कुरैशी तथा पीआरओ डॉ रामनिवास सोनी, डॉ सविता सांगवान, डॉ विनीता बसोतिया, डॉ सुमिता बेरा, डॉ ज्योति सोनी सहित विश्वविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# गणगौर पूजन के तहत लाए लक्ष्मी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री श्याम सखी मण्डल की महिला सदस्याएं ज्वारा-बोने, लक्ष्मी लाने के लिए नया बास क्लब पहुंची।

मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा ने बताया कि सखी मंडल के सदस्य गणगौर के गीत व ज्वारा गीत गाते नाचते हुए लक्ष्मी लेकर आए। गणगौर तीज तक ज्वारा पूजन होगा। कार्यक्रम में शशि लड़ा, मंजू मूंदड़ा, राजू सोनी, सुमन गौड़, राजू लाहोटी, द्रोपदी लाहोटी आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी बोथरा का किया सम्मान



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में युवा विकास समिति के संरक्षक छत्र सिंह बोथरा के निवास स्थान पर राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, मंत्री विनोद भाटिया, उप मंत्री शिव भगवान सोनी, संरक्षक रतनलाल बारूपाल, मदन दाधीच, सांवरमल सुथार, श्रवण सैनी के सानिध्य में बोथरा को अभिनंदन पत्र, शॉल, साफा, दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया इस अवसर पर बोथरा ने राजलदेसर युवा विकास समिति के लगातार कस्बे में निस्वार्थ भाव से जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी प्रशंसा की एवं भविष्य में उन्होंने कहा कस्बे के अंदर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंद परिवार का हो उसकी लड़की की शादी में एवं राशन सामग्री सरकारी विद्यालय में सहयोग के लिए हमेशा में तैयार रहूंगा उन्होंने राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक बड़ा वाटर कूलर लगाने की घोषणा की जो एक-दो दिनों के अंदर लग जाएगा । साथ ही आगामी सर्दी के मौसम में हर वर्ष की तरह नवंबर माह में जरूरतमंद परिवारजनों को ढ़ाई हजार कंबल वितरण करने की घोषणा की इससे पहले भी बोथरा के द्वारा लगातार 3 वर्षों में कंबल वितरण का कार्यक्रम जारी है साथ ही जरूरतमंद की सेवा भी इनके द्वारा लगातार की जा रही है इस अवसर पर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल मंत्री विनोद भाटिया ने बोथरा का आभार जताया एवं भविष्य में भी राजलदेसर कस्बे में इसी तरह सेवा करने की कामना की।

# घर-घर पूजी शीतला माता



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शीतलाष्टमी का पर्व शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर में माता को बासी व्यंजनों का भोग लगाकर बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। नाथोतालाब स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में शीतला माता का मेला भरा, जहां पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। यहां आयोजित मेले में श्रद्धालुओं ने माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर निरोग रहने की प्रार्थना की। महिलाएं दही, राबड़ी, छाछ, घी, शहद, अंकुरित बिरिया, मिश्री आदि का भोग लगाया गया। पुजारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि मंगलवार की रात से ही महिलाओं ने धोक लगाना शुरू कर दिया था। बुधवार सुबह तक दस हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं में माता के दर्शन किए। भक्त कतारों में लग कर जल्दी दर्शन कर पाए। मेले में बड़ी संख्या में स्टॉल भी लगे। प्रशासन की ओर से पुलिस टीम ने सुरक्षा का जिम्मा संभाले रखा।

मलजी परिवार के किशोर कुमार, मांगीलाल, मनोज कुमार, बंकट, कालीचरण, दीपचंद, हजारीमल, गणेश, दिनेश, शिवम, अंकित, विकी, आशीष, देव, शनि, अनिल, लालू, राहुल, रोहित आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

## हत्या के आरोपियों को न्यायालय ने भेजा जेल

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाईवे 20 स्थित द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल संचालक मुन्नीराम मंडा की 2 मार्च को गोलियों से भुनकर की गई निर्मम हत्या के षड्यंत्र व रेकी करने के आरोप में पीसी रिमांड पर चल रहे सुभाष गोदारा और लेखराम कड़वासरा को बुधवार को बीदासर न्यायालय में पेश किया गया। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि न्यायालय ने दोनों को जेल भेजने के आदेश दिए है।

# हीटवेव से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग सतर्क



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में संभावित हीटवेव को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने बचाव और रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंधन के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के तहत सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त संसाधन और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि हीटवेव के दौरान आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके तहत इमरजेंसी कक्ष का सुचारु प्रबंधन, तापमान नियंत्रण के लिए एसीए कूलर, पंखे और पर्दों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के अस्पतालों में 10 बेड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 3 से 6 बेड और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कम से कम 1 बेड लू-तापघात से पीड़ित मरीजों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही सभी चिकित्सा संस्थानों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के लिए आइसोलेशन कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने लू-तापघात के उपचार में उपयोगी दवाइयों और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हीट स्ट्रोक से संबंधित मामलों का रजिस्ट्रेशन करने तथा तापमान अधिक होने की स्थिति में मनरेगा कार्य योजना के अनुरूप बचाव उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए हैं। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी पंजीकरण और दवा वितरण काउंटर पर छाया की व्यवस्था, स्वच्छ और ठंडे पेयजल की उपलब्धता, प्रतीक्षालय में शेड तथा अस्पताल परिसरों में साफसफाई सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सतत पर्यवेक्षण और मॉनिटरिंग, संबंधित कर्मचारियों को थर्मामीटर, आइस पैक और ड्रिप सेट के उपयोग का प्रशिक्षण देने तथा आमजन में जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। साथ ही सभी संस्थानों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और गर्मी से राहत के प्रयासों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, बिजली, पानी, शिक्षा एवं चिकित्सा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने गर्मियों के मद्देनजर जिले में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश भी दिए।

### 15 से 19 मार्च तक मनाया जाएगा राजस्थान दिवस सप्ताह

जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग आगामी 15 से 19 मार्च तक राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत 15 मार्च को विकसित राजस्थान रन, राजस्थान को जाने डिजिटल क्विज का रजिस्ट्रेशन व एक जिला एक उत्पाद मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 17 मार्च को राजस्थान को जाने क्विज प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन, 18 मार्च को जिले के मंदिरों में आरती आयोजित की जाएगी वहीं 19 मार्च को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह प्रतिषेध की दी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देशानुसार पीएलवी अशोक तिवाड़ी द्वारा बाल विवाह एवं बालिका शिक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। तिवाड़ी ने लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। लाडनू बस स्टेंड पर बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं न्याय आपके द्वार अभियान के बारे में भी लोगों को बताया गया।

# गणगौर की रौनक, नवविवाहिताएं और युवतियां कर रही पारंपरिक पूजा-अर्चना

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे में इन दिनों गणगौर पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नवविवाहित महिलाएं और युवतियां प्रतिदिन सुबह और शाम एकत्रित होकर ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना कर रही हैं। गणगौर माता की पूजा के लिए महिलाएं दूब, पुष्प और सुहाग सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इस दौरान नवविवाहित महिलाएं अपने घरों से डीजे व गाजे-बाजे के साथ कस्बे के मंठ महादेव मंदिर से पूजा के लिए जल लेकर आती हैं। गणगौर पर्व माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना का प्रतीक माना जाता है। नेहा पारीक ने बताया कि इस पर्व के दौरान नवविवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की कामना करती हैं। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में प्रतिदिन सुबह-शाम गणगौर माता की पूजा और लोकगीतों का आयोजन किया जा रहा है, जो पर्व के समापन तक जारी रहेगा।

# विवाहिताओं व युवतियों ने बनाई ईसर-गणगौर की प्रतिमा



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** दाधीच राजलदेसर में विवाहिताओं व युवतियों ने कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर गणगौर की प्रतिमा बनाएगी म्हारे दादोजी र मांडी गणगौर, दादसरा घड़ायो रंगरो झुमकड़ो, सहित कई राजस्थानी लोकगीतों के साथ नवविवाहिताओं ओर युवतियों ने बुधवार की शाम गणगौर का निर्माण किया।

दोपहर बाद से ही नवविवाहित युवतियां कुम्हार के घर से मिट्टी के ईसर व गणगौर की प्रतिमा बनवाकर घर लाईं। ईसर शिवजी, गणगौर पार्वती माता को नाचते-गाते घर लेकर आईं। इस दौरान नवविवाहिताओं ने सुहाग के दीर्घायु व युवतियों ने अच्छे वर की कामना को लेकर पूजा की।

वहीं, गुरुवार को गौर को पानी पिलाने और घर-घर में बनौरा निकालने की रस्म शुरू होगी। बुधवार की रात से गणगौर त्योहार तक म्हारा हरा, जंवारा राज, गेहूं लाल सर से बड़ा जैसे अनेक लोक गीतों की आवाज सुनाई पड़ेगी।

सुबह गणगौर पूजन, शाम को पानी पिलाने व बनौरा निकालने की रस्म और रात को गीतों में महिलाएं व्यस्त रहेंगी। होली के बाद से 16 दिन तक चलने वाला पर्व है युवतियों में खास उत्साह देखने के लिए मिला।

# भाजपा नेता जांगिड़ के जन्मदिन पर किए विभिन्न सामाजिक सारोकार के कार्य

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर एंव ग्रामीण क्षेत्र में गौसेवा सहित विभिन्न सामाजिक सारोकार के कार्य कर जांगिड़ के दीर्घायु व स्वस्थ होने की कामना की। बुचावास गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्मदिन अगड़ी नाथ जुझारु देव गोशाला में गाय माता को गुड़ खिलाकर मनाया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा किसन पुजारी, गौशाला उपाध्यक्ष सीताराम फौजी, रामकिशन फौजी, मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह सातमील, महामंत्री रविकांत पारीक, शक्ति केंद्र संयोजक बाबूलाल मेहरा, बूथ अध्यक्ष राजेश चारण, टीकूराम पुरोहित, किसन झाझडिया, शीशपाल राहड़, रामसिंह राठौड़, राकेश पुरोहित, बाबूलाल गिवारियां, बलवान गिवारिया, मुकेश गिवारिया, विकाश गिवारिया श्योकरण जी जांगिड़, जगदीश कालवा, राजू पारीक, ओम भार्गव, रूक्मानंद जांगिड़, मुकेश पारीक, श्रीकांत पारीक, गोपी मिश्र, रक्षा पारीक, अनु पारीक, सरोज पुरोहित आदि ने गोशाला में गाय माता को गुड़ खिलाकर राकेश जी के जन्मदिवस उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा वीडियो कॉल कर जांगिड़ को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने गाजुवास में गौमाता को गुड खिलाते हुए तथा भालेरी में गौसेवा के साथ-साथ भाजपा नेता जांगिड़ के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए ग़रीब महिला के मायरा में 11,000 की सहायता की। इसके अलावा पुनरास, कोहिणा, साहवा, धीरवास बड़ा, बांय, कांजन, ददरेवा, सेऊवा, ईंदासी में कार्यकर्ताओं ने गौमाता को गुड खिलाकर जांगिड़ के दीर्घायु हेतु कामना की। जांगिड़ ने विभिन्न स्थानों पर गौसेवा कर जन्मदिन मनाने तथा शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# आदिनाथ जयंती पर 2352 दीपों से होगी महाअर्चना

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में गुरुवार को आदिनाथ जयंती समारोह श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सायंकाल भट्टारकजी की नसियां में प्रथम तीर्थंकर की प्रथम स्तुति के रूप में आदि अर्चना का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के बहुरंगी पोस्टर का विमोचन एक सादे कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेश सबलावत ने भट्टारकजी की नसियां में किया। सभा के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन और महामंत्री मनीष बैद के नेतृत्व में आयोजित होगा। महाआरती के बाद 48 मंडलीय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान किया जाएगा, जिसमें 2352 दीपकों से भव्य महाअर्चना होगी।आयोजन के लिए कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कुमार बज को मुख्य संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम में समाजश्रेष्ठी कपूर चन्द महावीर कसेरा मुख्य मंडल पर शास्त्र विराजमान करेंगे, जबकि सुनील आदित्य पहाड़िया मुख्य मंडल पर दीप प्रज्वलित करेंगे। इस अवसर पर अशोक टकसाली अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अनुष्ठान में शहर की 48 कॉलोनियों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान संगीतकार नरेन्द्र जैन एंड पार्टी, अशोक गंगवाल और सुभाष बज भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे।

# बीमा जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बीमा जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने वर्तमान अनिश्चित आर्थिक युग में इस प्रकार के कार्यक्रमों की महत्ता बताते हुए जागरूक रहने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता वित्तीय साक्षरता केन्द्र तारानगर के सेन्टर मैनेजर दलजीत सिंह ने अनेक महतवपूर्ण लाभकारी व्यक्तिगत एवं वाहन बीमा योजनाओं, साइबर क्राइम से बचाव, डिजीटल अरेस्ट जैसे गम्भीर विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इस प्रकार की योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन डॉ. नेहा ने किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरिता, सदस्य योगिता, अंकिता चौधरी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

# बच्चों को नाश्ते में खिलाएं साबूदाने की ये हेल्दी रेसिपीज

बड़े हो या बच्चे, किसी के लिए भी हर दिन एक सा नाश्ता करना बोरिंग होता है। ऐसे में बड़े फिर भी मान जाते हैं पर बच्चे कुछ चीजों को खाने से मना कर देते हैं। ऐसे में जरूरी ये है कि आप अगर किसी एक चीज से नाश्ता बना रहे हैं तो, उसकी अलग-अलग रसिपी ट्राई करें। जैसे कि अगर आप नाश्ते के लिए ओट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो हर दिन बच्चों को ओट्स की अलग-अलग रेसिपी दें। इससे आपके बच्चे बोर भी नहीं होंगे और खाने को खुशी के साथ खाएंगे भी।



## साबुदाना वडा

साबुदाने का वडा खाने में बहुत टेस्टी होता है और बच्चे इसे बड़ी खुशी से खा सकते हैं। इसकी खास बात ये होती है कि इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो कि पेट के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप वडा में सब्जियों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कि आप इसमें पत्ता गोभी, शिमल, टमाटर, गाजर और मटर जैसी सब्जियों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कि बच्चों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। अगर आप उन्हें ये सब्जियां अलग से देंगे तो वे इसी नहीं खाएंगे पर आप उन्हें साबुदाना वडा में पाव के अंदर डाल कर देंगे तो वे इससे खुशी-खुशी खा लेंगे।

## साबुदाने की खीर

बच्चों को मीठा खाना बहुत पसंद होता है। ऐसे में आप उन्हें साबुदाने का खीर खिला सकते हैं। साबुदाने की खीर की खास बात ये होती है कि ये आसानी से बन जाता है और ये खाने में भी टेस्टी होता है। साबुदाने की खीर में फाइबर और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती। साथ ही ये आपके शरीर का वजन भी तेजी से बढ़ाता है। साबूदाने में थोड़ी मात्रा में प्रोटीन होता है, जो कि बच्चों के विकास में भी मददगार है। इसके अलावा साबूदाना में कैल्शियम होता है जो कि बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाता है और शरीर को ताकत देता है।

## साबुदाने की खिचड़ी

साबुदाने की खिचड़ी खाने में बहुत टेस्टी होता है। इसे अलग-अलग प्रांत में लोग अलग-अलग प्रकार से बनाते हैं। साबुदाने की खिचड़ी में आप कई प्रकार की सब्जियों और मसालों का प्रयोग कर सकते हैं। इससे ये काफी टेस्टी हो जाता है और बच्चे इसे खुशी से खाते हैं। साबूदाना स्टार्च और सिंपल शुगर से भरा होता है जो शरीर में आसानी से चयापचय हो जाता है, जिससे ऊर्जा की जरूरते पूरी हो जाती हैं।

## साबूदाना सीक कबाब

साबूदाना सीक कबाब खाने में बहुत टेस्टी होता है। इस रेसिपी में मैश किए हुए आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप साबूदाने के साथ भुनी हुई मूंगफली, दही, लाल मिर्च, धनिया पत्ती, राजगिरा का आटा, नमक आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। फिर इस कबाब को ग्रिल करके बच्चों को खिलाएं। साबूदाना कुछ प्रमुख अमीनो एसिड से बना होता है, जो बच्चों के बाल और स्किन को हेल्दी रखता है।

## साबूदाने की टिक्की

साबूदाने की टिक्की को आपके बच्चे बेहतरीन स्नैक्स की तरह खा सकते हैं। आपके बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे। इसे हेल्दी बनाने के लिए आप अलग-अलग प्रकार के सब्जियों को काट कर मिला सकते हैं और अलग-अलग रेसिपी से बना कर खा सकते हैं।

# साबुत अनाज, फल और सब्जी वाली ये डाइट है सेहत के लिए बहुत फायदेमंद



आपने कई बार संपूर्ण आहार डाइट प्लान के बारे में सुना होगा कि लोग अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसे अपने खाने में शामिल करते है। संपूर्ण आहार में आप प्रोसेस्ड फूड की जगह प्राकृतिक उत्पादों का अधिक सेवन करते है। इसमें पैकेटबंद सामान की जगह साबुत अनाज खाने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही इसमें विटामिन युक्त फल, सब्जियां और बीन्स का सेवन करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज का सेवन करते है, तो अतिरिक्त वसायुक्त चिकन की जगह स्किनलेस चिकन खाना फायदेमंद होता है। आलू चिप्स की जगह घर में बना हुआ प्याज और हल्का खट्टा क्रीम आप खा सकते है। इसके अलावा आप आइसक्रीम की जगह ब्लूबेरी, दही और केले का सेवन कर सकते है। इस प्रकार आप अपने डाइट से प्रोसेस्ड फूड और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों को अलग कर सकते है। इसकी मदद से आप कई बीमारियों से दूर रहते है। साथ ही आपके शरीर को संपूर्ण पोषण भी मिलता है।

**फाइटोकेमिकल्स :** फाइटोकेमिकल्स फलों और हरी सब्जियों में प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विटामिन्स पाए जाते है, जिसकी मदद से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और आप स्वस्थ रहते है। जैसे आप संपूर्ण खाद्य पदार्थ में सब्जियों में टमाटर, ब्रोकली, पालक और गोभी शामिल कर सकते है। वहीं फल में अंगूर, केला, आम और चुकंदर खा सकते है।

**पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ :** पोषण के लिए आपको अपने खाने में साबुत अनाज और दाल को भी शामिल करना चाहिए। इससे आपको फाइबर, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी मिल सकते है, जिससे कई क्रोनिक बीमारियों के लक्षण को कम करने में सहायता मिलती है। जैसे हृदय रोग, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कम होती है। पाचन संबंधी परेशानियां भी नहीं होती है।

**गुड फैट :** अपने भोजन में ट्रांस वसा या संतृप्त वसा का सेवन न करें और न ही फास्ट फूड का इस्तेमाल करें। इसके बजाय आप संपूर्ण खाद्य पदार्थ में आप गुड फैट जैसे मछली और पौधों से मोनोअनसैचुरेटेड वसा का सेवन करने का प्रयास करें। मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**मीठी और नमक को कम करे :** कई लोगों को मीठा खाना बेहद पसंद होता है लेकिन खाने में अतिरिक्त चीनी या नमक की जगह नैचुरल मिठास वाली चीजों को खाने की प्रयास करें। इससे खून में शुगर लेवल कंट्रोल रहता है और किसी तरह की समस्या भी नहीं होती है। खाने में सोडियम की मात्रा भी कम रखें। इसके अलावा अगर आप ज्यादा नमक का सेवन करते है, तो इसे कम करने के दौरान सेंधा नमक का इस्तेमाल भी कर सकते है।

**साबुत अनाज :** साबुत अनाज आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। इससे टाइप 2 डायबिटीज, कोलेस्ट्रोल और हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम होता है। साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थों से खून में शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। इंसुलिन का उत्पादन में भी ये मदद करता है।

## ऐसे करें डाइट प्लान

- संपूर्ण आहार डाइट प्लान में आप नाश्ते में फ्रूट सलाद में क्विनोआ, जामुन और बादाम शामिल कर सकते है। इसके अलावा दोपहर के खाने में चिकन सलाद, एक रोटी और हरी सब्जी खा सकते है। आप चाहे तो दही या रायता भी खा सकते है। रात को आप करी दाल का सेवन कर सकते है।
- इसके अलावा अन्य डाइट चार्ट में आप नाश्ते में कोई फल, ओटमील और स्मूदी पी सकते है। दोपहर के खाने में चुकंदर और गाजर का सलाद, बाजरे की रोटी और सब्जी खा सकते है। रात के खाने में आप ब्राउन राइस और मछली करी खा सकते है।
- तीसरे दिन आप नाश्ते में आमलेट और फलों की स्मूदी का सेवन कर सकते है। लंच में राइस, दाल और सब्जी का सेवन करें और रात के खाने में जैतून तेल में पके स्प्रिंग सलाद का सेवन कर सकते है।

# डायबिटीज के मरीज सुबह सबसे पहले पिएं दालचीनी की चाय फास्टिंग ब्लड शुगर को कम करने समेत मिलते हैं ये फायदे

डायबिटीज के मरीजों के लिए लाइफस्टाइल को सही रखना बेहद जरूरी है। ऐसा इसलिए कि थोड़ी सी लापरवाही भी आपके आपको ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकती है। ऐसे में कुछ लोगों का फास्टिंग ब्लड शुगर हमेशा बढ़ा रहता है जो कि चिंता का कारण बनता है। ऐसे में दालचीनी की चाय इंसुलिन के प्रोडक्शन को तेज करने और ब्लड शुगर पचाने में तेजी से मदद करती है। इसके अलावा ये डायबिटीज के मरीजों के लिए अन्य तरीकों से भी फायदेमंद है। जैसे कि ये पेट के लिए फायदेमंद है और खाने के बाद भी शुगर कंट्रोल करता है इत्यादि। साथ ही दालचीनी की चाय मूड फ्रेश करने का भी काम करती है।



**फास्टिंग ब्लड शुगर को कम करती है :**

दालचीनी की चाय को लेकर एक शोध बताता है कि दालचीनी, पॉलीफेनोलिक्स का एक समृद्ध स्रोत है जिसका उपयोग सदियों से डायबिटीज की बीमारी को सही करने के लिए किया जाता है। ये ब्लड शुगर और इंसुलिन सिग्नलिंग को प्रभावित करता है। दरअसल, दालचीनी के अर्क के सेवन के टाइप 2 मधुमेह या प्रीडायबिटीज वाले लोगों में फास्टिंग ब्लड शुगर कम हुआ। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को सुबह सबसे पहले इसका सेवन करना चाहिए।

**इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ाती है :** डायबिटीज में दालचीनी की चाय इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ावा देता है। दरअसल, यह इंसुलिन की नकल कर सकता है और इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ा सकता है और डायबिटीज में पेनक्रियाज सही तरीके से इंसुलिन का प्रोडक्शन नहीं कर पाती है जिससी वजह से ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। दालचीनी इंसुलिन के प्रभावों की नकल करके शुगर पचाने में मदद करती है जिससे ब्लड शुगर लेवल अपने आप कम होने लगता है।

**भोजन के बाद ब्लड शुगर को कम करती है :** दालचीनी की चाय खाने के बाद के ब्लड शुगर लेवल को भी कम करने में मदद करता है। दालचीनी की चाय ब्लड शुगर स्पाइक्स को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकती है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह आपके पेट से भोजन के खाली होने की स्पीड को धीमा करके ऐसा करती है। साथ ही कुछ अध्ययन ये भी बताते हैं कि छोटी आंत में कार्बोस को तोड़ने वाले पाचन एंजाइमों को अवरुद्ध करके भोजन के बाद ब्लड शुगर को कम कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करती है :** दालचीनी की चाय कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है। दालचीनी में हृदय को स्वस्थ रखने वाले यौगिक होते हैं, जो सूजन को कम कर सकते हैं और एचडीएल यानी कि गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकते हैं। यह आपके ब्लड प्रेशर, ट्राइग्लिसराइड और एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम कर सकता है।

**एंटीऑक्सेंड से भरपूर है :** दालचीनी की चाय एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है जो कि फ्री रेडिकल्स को कम करने में मददगार है। दालचीनी की चाय आपके शरीर की मुक्त कणों से लड़ने की क्षमता को बढ़ा सकती है और आपको स्वस्थ रख सकती है जिससे आप कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। साथ ही दालचीनी की चाय

## दालचीनी की चाय कैसे बनाएं

- एक पैन में 2 कम पानी डालें।
- अब इसमें 1 दालचीनी स्टिक डालें या फिर दालचीनी को कूट कर डालें।
- अब एक चुटकी अजवाइन और काला नमक डालें।
- अब इस 10 मिनट तक उबलने दें।

# खुद को फिट रखने के लिए दौड़ना किया है शुरू, तो इन बातों का रखें ध्यान

आज के समय में लोग खुद को चुस्त व तंदुरूस्त रखने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है रनिंग करना। रनिंग आपके वजन को नियंत्रण में बॉडी का स्टेमिना बढ़ाती है। यह आपको पूरा दिन एक्टिव व चार्ज फील करवाती है। कुछ लोग तो अपने दिन की शुरूआत में दौड़ना बेहद पसंद करते हैं। लेकिन अगर आपने अभी-अभी दौड़ना शुरू किया है तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल, कुछ लोग एक्साइटमेंट में रनिंग तो करते हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें चोट लग जाती है या फिर पैरों में दर्द शुरू हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आप सही तरह से रनिंग नहीं करते।

**जरूर करें वार्मअप :** कुछ लोग पार्क में जाकर या फिर ट्रेडमील पर चढ़कर सीधे ही दौड़ना शुरू कर देते हैं। जबकि आपको वास्तव में ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। अन्य वर्कआउट की तरह ही यह भी एक बॉडी एक्सरसाइज है। इसलिए, पहले वार्मअप अवश्य करें। शुरूआत चहलकदमी से करें और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाएं। एकदम से रनिंग करने से आपको पैरों में क्रैम्प होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

**बहुत अधिक रनिंग नहीं :** यह टिप बिगनर को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। जब लोग रनिंग शुरू करते हैं तो अति उत्साह में आकर वह पहले दिन ही बहुत अधिक रनिंग करना शुरू कर देते हैं। लेकिन यहां आपको यह समझना चाहिए कि बॉडी के स्टेमिना को बूस्ट अप करने में समय लगता है। इसलिए, अगर आप अपने शरीर को बहुत ज्यादा जोर देंगे तो इससे ना केवल आपको दर्द होगा, बल्कि खिंचाव भी हो सकता है। बेहतर होगा कि आप शुरूआत में छोटे गोल्स सेट करें और फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाते जाएं।

## जरूर पहनें रनिंग शूज

यह एक बेहद ही महत्वपूर्ण टिप है, जिसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अगर आप नियमित रूप से रनिंग करने का मन बना रहे हैं तो केवल रनिंग शूज पहनकर ही दौड़ें। यह ना केवल आपकी एड़ी और घुटनों को प्रोटेक्ट करते है, बल्कि जब आप इन्हें पहनकर रनिंग करते हैं तो इससे पैरों के दर्द में भी बेहद राहत मिलती है। रनिंग शूज में दौड़ना बेहद ही आरामदायक होता है और यह आपके रनिंग सेशन के अनुभव को बेहतर बनाते हैं।



# रात को सोने से पहले चेहरा धोना क्यों जरूरी है? इससे स्किन को मिलने वाले ये फायदे

हमारा चेहरा शरीर के कुछ सबसे नाजुक हिस्सों में से एक है। इसलिए इसकी अलग से देखभाल करना बेहद जरूरी है। चेहरे की अलग से देखभाल करने के लिए आपको कुछ खास प्लॉनिंग करनी होगा। ऐसे में रात को सोने से पहले चेहरा धोना एक अच्छा आईडिया हो सकता है। दरअसल, इससे आपके चेहरे को पहले तो आराम मिलता है और फिर ये आपके पोर्स को क्लीन करता है और रात भर चेहरे को सांस देने का मौका देता है। इसके अलावा भी रात को सोने से पहले चेहरा धोने के कई फायदे हैं।

## रात को चेहरा धोने का सही तरीका

- सबसे पहले तो रात को सोने से पहले अपने चेहरे का मेकअप हटाएं।
- इसके लिए आप गुलाबजल को कॉटन में लगा कर मेकअप साफ कर सकते हैं।
- इसके बाद गुनगुने पानी से पहले अपना चेहरा धोएं। इससे चेहरे की गंदगी साफ हो जाती है।
- अब एक नॉर्मल फेशवॉश ले। चेहरा धो लें।
- अब चेहरे को पोंछ लें और मॉइस्चराइज लगा कर सोने जाएं।




## एक्ने कम करता है

अगर आप नियमित रूप से मेकअप करती हैं तो आपके लिए चेहरा धोना और भी अनिवार्य हो जाता है। नहीं तो ये एक्ने की समस्या बढ़ा सकती है। ऐसे में पहले तो ऑलिव ऑयल या मेकअप रिमूवर की मदद से मेकअप हटाएं। फिर किसी उपयुक्त क्लींजर से अपना चेहरा धो लें। यह आपके रोमछिद्रों से गंदगी हटाता है और आपके पोर्स को अंदर से साफ करता है। दरअसल, गंदगी और प्रदूषण आपके छिद्रों को बंद कर देते हैं और उन्हें ताजी हवा में सांस नहीं लेने देते। ऐसे में चेहरा धो कर सोने से चेहरे अच्छे से सांस ले पाता है और आपको एक्ने की समस्या भी नहीं होती है।

## त्वचा की टोनिंग पर पड़ता है असर

सोने से पहले चेहरा न धोने पर त्वचा की टोनिंग पर असर पड़ता है। यह स्वाभाविक रूप से खुद को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। इससे चेहरे की बनावट सही होती है और चेहरे को कोई नुकसान भी नहीं होता है।



## त्वचा की रिपेयरिंग के लिए है जरूरी

अगर आप रात को चेहरा बिना धोए सोते हैं तो आपकी त्वचा की रिपेयरिंग और हीलिंग जल्दी नहीं होती है। ऐसा इसलिए कि रात के समय हमारी त्वचा रिपेयरिंग का काम करती है। अपना चेहरा न धोकर सोमा, आप अपनी त्वचा की प्राकृतिक उपचार प्रक्रिया में बाधा डालते हैं। इससे आपकी त्वचा में लंबे समय के लिए गंदगी फंसी रहती है और चेहरे को नुकसान होता है।

## झुर्रियां कम करता है

बिस्तर पर जाने से पहले चेहरा धोने से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इससे त्वचा पर बढ़ती झुर्रियों को रोकने में मदद मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका चेहरा दिन के दौरान पर्यावरण में मुक्त कणों के संपर्क में आता है जो कि त्वचा में कोलेजन के टूटने का कारण बन सकता है और अंतत: महीन रेखाओं और झुर्रियों का कारण बन सकता है। लेकिन सोने से पहले अपना चेहरा ना धोने से पर्यावरण प्रदूषण रात भर आपके चेहरे को नुकसान पहुचाता है, जिससे कोलेजन का नुकसान होता है और एंजिंग के निशान तेजी से बढ़ते हैं।

# सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम में संतों की चर्चा

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम ने बताया कि सनातन धर्म के उत्थान और समाज सुधार को लेकर हुआ मंथन। महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज ने कहा–सनातन जागृत है, सही मार्गदर्शन की जरूरत, संतों ने गांव.गांव सत्संग हॉल बनाने और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। शहर स्थित श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम में रामराजा सरकार के पाटोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित नवकुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ के दौरान देशभर से आए संत–महात्माओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सनातन धर्म के उत्थान, समाज सुधार और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर महाराज ने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि हिंदू और सनातन सोया हुआ है, जबकि ऐसा नहीं है। सनातन सदैव जागृत है, केवल समाज को सही मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि संत समाज गांव–गांव में जाकर जिम्मेदारी निभाए और लोगों को जागरूक करे तो समाज में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। संतों ने सुझाव दिया कि हर गांव में सत्संग हॉल बना, जाएं, जहां ग्रामीण प्रतिदिन एकत्र होकर सामाजिक और धार्मिक विषयों पर चर्चा कर सकें। बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया गया। संतों ने गांवों में पानी रोकने के लिए छोटे–छोटे एनीकट और बांध बनाने की आवश्यकता बताई। संत समाज ने कहा कि देशभर में लाखों संत–महात्मा हैं, यदि वे सक्रिय होकर समाज का मार्गदर्शन करें तो सनातन धर्म और समाज दोनों को नई दिशा मिल सकती है। इस दौरान भारतवर्ष के अनेक संत महात्मा मौजूद थे।

# कैफे में अवैध हुक्का पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अवैध हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अशोक नगर थाना पुलिस ने सहकार मार्ग स्थित एक कैफे में कार्रवाई करते हुए अवैध हुक्का संचालन का खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद के निर्देशन में 10 मार्च को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा तथा सहायक पुलिस आयुक्त के सुपरविजन में थाना अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने सहकार मार्ग स्थित सासा सेंट्रल कैफे पर दबिश दी। जांच के दौरान कैफे में अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए 10 लोगों को पकड़ा गया, जिनका कोटपा अधिनियम के तहत चालान किया गया। मौके से भारी मात्रा में हुक्का सामग्री भी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान कैफे में काम करने वाले 9 कर्मचारी–दीपू सिंह, पवर्त लाल सिंह, मनोहर लाल सिंह, अजय जाट, कान सिंह रावत, नितेश वाल्मीकि, रामकेश जाटव, शर्मा प्रसाद सिंह और मुन्ना गंगई–को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कैफे संचालक मंजीत सिंह शेखावत और मैनेजर विकास चौधरी के खिलाफसिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद विज्ञापन निषेध और व्यापार, वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण विनियमन अधिनियम 2019 की धारा 4/21 क के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय ताइक्वांडो टीम में चयन

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के तीन खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय की ताइक्वांडो पुरुष टीम में चयन हुआप् खिलाड़ी रौनक यादव पुत्र सुल्तान सिंह यादव, पीयूष यादव पुत्र रामलाल, रोशन गुर्जर पुत्र बाबूलाल गुर्जर का शेखावाटी विश्वविद्यालय टीम में चयन होने पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी प्रदीप धायल, उपप्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, विज्ञान संकाय प्रभारी धर्मेंद्र जीतरवाल, कला संकाय प्रभारी राजेंद्र बिजारणिया, विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल व श्रवण कुमार महला ने खिलाड़ियों को महाविद्यालय का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और जीत की शुभकामनाएं दीप्खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि तीनों चयनित खिलाड़ी 16 से 21 मार्च 2026 तक होने वाली अखिल भारतीय ताइक्कांडो पुरुष प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर का प्रतिनिधित्व देव विश्वविद्यालय जालंधरए पंजाब में करेंगेप्कोच ने बताया कि अंतर महाविद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने कुल 5 पदक सहित चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया था, इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य अंतिमा शर्मा, ज्योति जाखड़, ज्योत्सना स्वामी, ममता बिजारनियां, रसना सैनी, ओम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, जितेंद्र निठारवाल, कमलेश सैनी, झाबर मल चौधरी, मदनलाल सैनी, जयराम वर्मा, गणेश, रेखा सैनी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# देवस्थान विभाग के मंदिरों में 18 मार्च को होंगे विशेष आयोजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देवस्थान विभाग अपने प्रत्यक्ष प्रभार एवं राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी के समस्त 593 एवं ट्रस्टों द्वारा संचालित 21 मंदिरों में 18 मार्च 2026 को विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के संबंध में बुधवार को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी से बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। देवस्थान मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में 563 राजकीय मंदिरों में विशेष आरती एवं 51 प्रमुख मंदिरों में संध्या के समय महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मंदिरों को सजाने, दीप प्रज्ज्वलन, भजन संध्या और विशेष पूजा–अर्चना के माध्यम से राज्य की समृद्ध संस्कृति व कला का प्रदर्शन किया जाएगा। कुमावत ने कहा कि राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक धरोहर से लोगों को जोड़ना ही मुख्य उद्देश्य है। देवस्थान मंत्री कुमावत ने बताया कि 18 मार्च को राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार व आत्मनिर्भर श्रेणी के 30 मंदिरों में विशेष कार्यक्रम होंगे।

# ताश पत्तियों पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पुलिस ने ताश पत्ती पर जुआ खेलने के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17500 रूपये जब्त किए। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी तो तीन जने ताश पत्ती खेल रहे थे। तीनों आरोपी माकड़ो थाना सिंघाना निवासी महिपाल सिंह, ढ़ाणी पिठोला, थाना सिंघाना निवासी अतवीर सिंह, भवंरपाल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17500 रूपये एवं ताश पत्ती जब्त की गई।

# पांच-छह दशक पुरानी परंपरा फिर से देखने को मिली

## ऊंट–गाड़ों पर सवार होकर पहुंची बारात



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मूंडरू गांव में बुधवार को 5–6 दशक पुरानी परंपरा को दोहराता हुआ बारात का दृश्य नजर आया। जिसमें एक बारात ऊंटगाड़ों में सवार होकर दुल्हन लाने के लिए निकली। जानकारी के अनुसार मूंडरू के कोलवा मोड के पास से चिकित्सा विभाग में सीएचओ के पद पर कार्यरत सुभाष सैनी की बारात ऊंटगाड़ों में सवार होकर दुल्हन डॉ अंजू के घर खुर्रमपुरा गांव पहुंची। बारात तकरीबन 3 दर्जन से अधिक ऊंट गाड़ों में सवार थी। बारात के दृश्य को लोगों ने अपने मोबाइल के कैमरों में कैद करके सोशल साइटों पर डालकर जमकर सहराना की। दूल्हे के पिता सेठ छाजूराम सैनी ने बताया कि आज के चक्काचौंध भरे जीवन में लोग अपनी पौराणिक परंपरा को भूलते जा रहे हैं और दिखावटी पन में जी रहे हैं। पहले के समय में बारात ऊंट गाड़ियों से जाती थी। समय के साथ धीरे–धीरे इन का उपयोग बंद होने से यह संसाधन विलुप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने पौराणिक परंपरा को जीवित करने के लिए अपने बेटे की बारात दुल्हन के घर ऊंट गाड़ों से लेकर गए हैं। दो दिन पहले 9 मार्च को अपने बड़े बेटे डॉ कमलेश सैनी की बारात भी लिसाड़ियां गांव में ऊंट गाड़ों से ही लेकर गए थे।

# शीतला अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे में शीतला माता के मंदिरों में ठंडे पकवानों का भोग लगाकर माता रानी की कथा सुनाई गई। प्रदेश में शीतला अष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है इस दिन शीतला माता के ठंडे पकवानों का भोग लगाया जाता है वही महिलाएं मंगल गीत गाते हुए माता शीतला की पूजा आराधना कर घर में सुख शांति तथा स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना करती है। ढ़ाणी की महिला संतोष देवी ने बताया कि यह पर्व होली के बाद शीतला सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। शीतला अष्टमी को बसौड़ा भी कहा जाता है। इस दिन माता शीतला की पूजा की जाती है। इस दिन बासी खाने का भोग माता शीतला को लगाया जाता है। शीतला माता ठंडक प्रदान करने वाली देवी है। ग्यारसी देवी व सुमन देवी ने बताया कि होली के बाद मौसम में बदलाव आने लगता है। हल्की ठंड भी खत्म होने लगती है और गीष्म ऋतु का आगमन होता है। ऐसे में वातावरण में ठंडक की आवश्यकता होती है । इस कारण मान्यता है कि माता शीतला का व्रत रखने और विधिवत पूजा करने से बीमारियां दूर रहती हैं। इसी दिन से नवविवाहितऐं व कुंवारी लड़कियां घर–घर घड़ूलिल्या घुमाया जाता है व गणगौर पूजी जाती है।

# स्त्री रोग एवं प्रसूति इकाई का शुभारम्भ



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के चूरू चुंगी गौशाला रोड स्थित सुमंगलम हॉस्पिटल में बुधवार को स्त्री रोग, प्रसूति एवं जच्चा–बच्चा वार्ड का शुभारंभ संत शिरोमणि सुरेंद्रनाथ महाराज, बछरारा धाम के संत सानिध्य में यूनिट कक्ष का फीता काटकर किया गया।

संत सुरेन्द्र नाथ बछरारा धाम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रयायत, अपर लोक अभियोजक एडवोकेट जयकांत बिंवाल, डॉ आभा कलरा व सेनि. नर्सिंग आफिसर किशन लाल शर्मा मंचस्थ थे। विशिष्ट अतिथि ताम्रयायत व एडवोकेट बिंवाल ने भी सभा को संबोधित करते हुए हॉस्पिटल की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। अस्पताल के निदेशक डॉ लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि गत दिवसों में अस्पताल में महिला रोगों की ओपीडी डॉ आभा कलरा द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। साथ साथ थियेटर, वार्ड व अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था पूर्ण करके ऑपरेशन थिएटर, डिलीवरी रूम, जच्चा बच्चा वार्ड का शुभारंभ किया गया है। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ लीलाधर शर्मा ने जटिल प्रसव के समय इमर्जेंसी स्थिति होने पर तुरंत आवश्यक सेवा की जरूरत, एलोपैथी एवं आयुर्वेद दोनों पद्धतियों की एक ही संस्थान में प्रभावी इंटीग्रेटेड सेवा उपलब्ध होने का आम जन के लिए उपयोगिता बताई। इस अवसर पर डॉ अंकित चौधरी फिजिशियन, डॉ प्रमीला आयुर्वेद व पंचकर्म, डॉ उम्मेद सिंह, वासुदेव चाकलान, सुरेन्द्र चुलैट, अरूण शर्मा, देवाराम सिहाग, सांवर मल जांगीड़, मनोज डूडी, सार्दुल सिंह, पवन जोशी योगाचार्य, अरविंद महर्षि, लीलाधर प्रजापत, भंवरी देवी, अर्चना शर्मा, नीलेश व हॉस्पिटल स्टाफ सदस्य बुद्धि प्रकाश, कौशिका, मनोज इंदौरिया, शिवलाल, पूनम, सुमन, कांता आदि उपस्थित थे।

# तरूण हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ में सर्व समाज के लोगों ने रैली निकालकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के उत्तम नगर में हुए तरुण खटीक हत्याकांड के आरोपियों का एनकाउंटर किए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए नारेबाजी करते हुए खटीक बस्ती से रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचे और वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। भाजपा युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार आदि विचार प्रकट करते हुए आरोपियों का एनकाउंटर करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान सम्पत दायमा, गोवर्धनलाल, महेश दायमा, भगवानाराम, राहुल सामरिया, मुकेश दायमा, सीताराम, गंगाधर लाखन, हिमांशु भाटी, प्रीतम सांखला, कालूराम बाबरिया, सुमीत शर्मा, बबलू सामरिया, राजेश सामरिया, महेश दायमा, कन्हैया दायमा, मदन सांखला, मनीष दायमा, रोहित सामरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# इस्लामिक तकरीर में आपसी प्रेम को बढ़ाने का संदेश




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय तेली रोड पर केजीएन नोजवान कमेटी के तत्त्वावधान में 21वीं शब–ए–कद्र चीफ काजी सैयद मदनी अशरफी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अशरफी ने आए हुए तमाम मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और नौजवानों को आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। जलसे में बरेली से आए हुए मुख्य अतिथि मौलाना जिकरुल्लाह ने समाज की बुराइयों को खत्म करने की बात कही और बच्चों को मोबाइल, सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल करने की तालीम दी। विशिष्ट अतिथि मौलाना शाहनवाज हुसैन ने लोगों को मोहब्बत के साथ रहकर प्यार बांटने की शिक्षा दी। कार्यक्रम की निगरानी हाफिज अफजल ने की। प्रोग्राम में हाफिज मोहम्मद इकबाल, शहर काजी सैयद मोहम्मद अली व सैयद मोहम्मद हाशमी, मौलाना शकिल, मौलाना अहमद जिया एवं युवा कमेटी सदस्य बाबु लाल दहिया, नूर बडगुजर, हैदर अली, पप्पू मनिहार, बलजी बिसायती, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।

# शिविर आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 57वां शिविर 12 मार्च बृहस्पतिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित विभिन्न प्रसंगों की कथा सुनी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री साईं नाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में श्री साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर राजापार्क सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी सर्वानंद पार्क में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित विभिन्न प्रसंगों की कथा सुनी। कथावाचक स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान के नाम का जाप करने से सभी विपत्तियां दूर हो जाती हैं और जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र यज्ञ के स्थान पर गिरिराज गोवर्धन की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गोवर्धन पूजा के बाद 56 भोग की झांकी सजाई गई। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि गुरुवार को रासलीला और रुक्मिणी विवाह की कथा होगी, जबकि अंतिम दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के साथ कथा की पूर्णाहुति कर पोथी विदाई की जाएगी। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक हो रही है।

# सिक्योरिटी गार्ड बनकर दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले हेमेन्द्र महावर उर्फ हेमू 21 निवासी कोतवाली जिला करौली, घनश्याम कबरिया उर्फ संजय18 निवासी रामगंज जयपुर और चन्द्रपाल सिंह 29 निवासी चिकसाना जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो मेडिकल कॉलेज एसएमएस अस्पताल जयपुर सिक्योरिटी गार्ड है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना स्वीकार किया। जिनकी निशानदेही पर चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार आरोपी एसएमएस मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात थे। वे ड्यूटी की आड़ में मोटरसाइकिल चोरी करते थे। आरोपी पहले बाइक को एक स्थान से हटाकर दूसरी जगह छिपा देते थे और कुछ समय बाद पुलिस का खतरा कम होने पर उन्हें बेच देते थे। गिरफ्तार आरोपी हेमेन्द्र के खिलाफ पहले भी गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि सुरक्षा गार्डों का पुलिस सत्यापन कराया गया था या नहीं। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सदस्य सूरजमल, रामकेश, हरिमोहन, मेघराम, मुकेश कुमार, हनुमान प्रसाद, ललित कुमार और विकास की विशेष भूमिका रही। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 5 मार्च 2026 को परिवादी जितेन्द्र कुमार वर्मा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि 26 फरवरी की रात वह अपनी बाइक आरडी हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज एसएमएस अस्पताल जयपुर के गेट नंबर–5 की पार्किंग में खड़ी कर कैफे में चला गया था। सुबह वापस आने पर बाइक वहां से गायब मिली। इस पर थाना एसएमएस अस्पताल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंह के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त नारायण सिंह बालिजा के सुपरविजन में थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिर की सूचना के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# अष्टमी पर माता शीतला माता का महिलाओं ने किया पूजन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में बुधवार को बास्योड़ा का पर्व मनाया गया। चैत्र मास में कृष्ण पक्ष की सप्तमी व अष्टमी तिथि को शीतला माता का पूजन कर यह त्योहार मनाया जाता है। शीतला धोरा पर स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर व अशोक स्तंभ के पास स्थित शीतला माताजी मंदिर में शीतला पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ आई है। अलसुबह से महिलाएं पूजन करने पहुंच रही है।

वहीं मंगलवार रात्रि में स्थानीय भजन गायक कारों ने भजनों की प्रस्तुति से मां को रिझाया। प्रात: माता को ठंडे का भोग लगाकर कथा कहानी सुनने की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। महिलाओं ने बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं की पूजन के बाद माता से की है।

हर घर में नई मटकी रखकर पूजन किया गया। इस दिन बासी भोजन का भोग लगाया जाता है और पूरा परिवार बासी भोजन करता है। जिसको एक दिन पहले ही बनाकर रख लिया जाता है। वहीं नवविवाहिताओं ने कवारी कन्याओं के साथ मिट्टी की ईसर–गणगौर बनाकर पूजा अर्चना शुरू की। इससे पूर्व होलिका दहन की राख की पिंडें बनाकर नवविवाहिताओं व कन्याओं ने पूजा अर्चना लोक गीतों के साथ करती थी।


## न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, झुंझुनूं (राज.)

**विज्ञप्ति**

**क्रमांक :- 362** **दिनांक :- 10/3/26**

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक सामान्य /XV/(a) 01/2026/613 दिनांक 07.03.2026 की अनुपालना में इस कार्यालय में परामर्शदाता के रूप में दो काउंसलर्स की नियुक्ति/प्राधिकृत किये जाने हेतु निर्धारित योग्यताधारी व्यक्तियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अत: इच्छुक योग्यताधारी व्यक्ति दस्तावेज/प्रमाण–पत्रों के साथ निर्धारित प्रारूप में दिनांक 25.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन–पत्र, योग्यता व अन्य शर्ते आदि विभागीय वेबसाइट https://jhunjhunu.dcourts.gov.in पर देखी जा सकती है।

**न्यायाधीश,**
**पारिवारिक न्यायालय,**
**झुंझुनूं ( राज. )**

# प्रेमभाया महोत्सव का शुभारंभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ढूंढाड़ की समृद्ध भक्ति परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक श्री प्रेमभाया महोत्सव का शुभारंभ शीतलाष्टमी के पावन अवसर पर चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के साथ हुआ। चांदपोल बाजार स्थित जयलाल मुंशी का रास्ता के युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया सरकार के पंचामृत अभिषेक के साथ समारोह का विधिवत श्रीगणेश किया गया। वेद मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयकारों के बीच श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में अभिषेक सम्पन्न हुआ। शाम को जयलाल मुंशी का रास्ता दीपावली की तरह रोशनी से जगमगा उठा। केसरिया पताकाओं से सजे मार्ग, भव्य पंडाल और खुले आसमान के नीचे भक्ति संगीत समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार का आकर्षक और दिव्य श्रृंगार किया गया। भक्ति संगीत समारोह का मंगलाचरण दीपक शर्मा ने मोहे अपने चरण की शरण दे, जय गणपति गणराज, गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद कुमार गिर्राज ने घनश्याम म्हारा हिवड़ा में रम जाओ जी घनश्याम प्रस्तुत कर भक्तिभाव का वातावरण बना दिया। गोपाल सैन ने नै पार लगाज्यो जी सांवरिया, म्हाने भूल बिसर मत जाज्यो सुनाकर भक्त की भगवान से करुण पुकार को स्वर दिया। गोपाल सिंह राठौड़ और पूजा राठौड़ ने म्हारी लैरां लाग्यों आवै छै यो मुरली हालों श्याम भजन प्रस्तुत कर ठाकुरजी की भक्त वत्सलता का सुंदर चित्रण किया। वहीं हीना सैन ने गोवर्धन लियो रे उठाय नटवर नागरियो सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही कार्तिकेय, केशव शर्मा सहित अन्य भजन प्रवाहकों ने भक्त युगलजी की भक्ति रचनाओं को अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। लगभग आठ दशक पुरानी इस आध्यात्मिक परंपरा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक ही जाजम पर बैठकर भक्ति सरिता में डुबकी लगाते नजर आए। विभिन्न मंदिरों के संत-महंतों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। दूधिया रोशनी के बीच भजन संध्या का दौर पूरी रात चलता रहा। समिति अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि गुरुवार को दिन में महिला मंडल की ओर से भजन-गायन होगा। जबकि रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा।

# शादी की खुशियों में छाया मातम

## सड़क हादसे में दूल्हे के भाई व एक फोटोग्राफर की मौत

निसं



**बीदासर (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव ढ़ाणी स्वामीयान के जाखड़ों की ढाणी देवली तलाई से मंगलवार की शाम प्रेम नगर जा रही एक दूल्हे की बारात के पीछे चल रही एक ब्रेजा कार के सामने अचानक गौवंश आ जाने से कार असंतुलित होकर पलट गई। जिससे दूल्हे अशोक के बड़े भाई सुरेश कुमार की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा फोटोग्राफर नरेश टेलर को बीदासर सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत को देखते सुजानगढ रेफर कर दिया गया था। जहां रात्रि में इलाज के दौरान नरेश की मृत्यु हो गई। घटना के समय कार सुरेश कुमार चला रहा था, तथा गाड़ी में फोटोग्राफर नरेश कुमार, राहुल उर्फ चिंटू जिला नागौर साथ में थे। जिसमें राहुल उर्फ चिंटू के हल्की चोटे आने से घायल हो गया था। बुधवार को मृतक के भाई मंगलचंद जाट की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज सीएचसी की मोर्चरी में सुरेश कुमार के रखे शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सुरेश कुमार नागौर के अजबपुरा में सरकारी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। मृतक के दो बेटियां है। वही फोटोग्राफर नरेश कुमार टेलर झुंझुनू जिले के गांव भोड़की के रहने वाला था तथा काफी समय से नागौर रह रहा था। नरेश के तीन बेटियां है। नरेश कुमार के शव का भी पोस्टमार्टम सुजानगढ के राजकीय चिकित्सालय में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतकों के शव अपने अपने घर पहुंचे तो परिजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा और खुशियां मातम में बदल गई तथा गांव में शौक की लहर छा गई।

# श्याम कृपा मित्र मंडल का तृतीय वार्षिकोत्सव सम्पन्न

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिरसी रोड पांच्यावाला स्थित लक्ष्मी मैरिज गार्डन में श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लेकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और भजन संध्या का आनंद लिया। श्री खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजाया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। अखंड ज्योत सेवा, इत्र वर्षा एवं छप्पन भोग के साथ बाबा को विशेष रूप से रिझाया गया। भजन संध्या के दौरान भक्त झूमते-नाचते नजर आए और पूरा परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। उत्सव में बिहार के समस्तीपुर से पधारी मुख्य भजन प्रवाहक रेशमी शर्मा ने अपने मधुर भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ कुमार गिरिराज, सौरव शर्मा, सागर शर्मा, सुनील शर्मा, शुभम शर्मा, कुमार दया, हरि नारायण शर्मा, हिमांशी कंडारा एवं अंकित खंडेलवाल ने भी बारी-बारी से श्याम बाबा का गुणगान कर भक्ति का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम में विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य एवं सूरजगढ़ धाम से पधारे ओम प्रकाश इंदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# अवैध 311 ग्राम गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 311 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि अवैध मादक पद्धार्थों की तस्करी करने वाले व बेचान करने वाले संदिग्ध लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत एवं डीएसपी जुल्फीकार अली के सुपरविजन में थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एवं बेचने वाले आरोपियों को चिह्नित किए गए।

थानाधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान यादव धर्मशाला की तरफ से राजस्थान स्कूल की तरफ सफेद कपड़े का थैला हाथ में लेकर आते हुए बजावा निवासी सुलतान सिंह दिखाई दिया जो संदिग्ध नजर आया। उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 311 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी से माल के श्रोत व गांजा खरीदने वाले लोंगो के बारे मे गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# दो दिवसीय शीतला माता मेले में दो लाख श्रद्धालुओं ने लगाई धोक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** चाकसू स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार से दो दिवसीय मेले का आयोजन संपन्न हुआ। इस मेले में लगभग दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में धाक लगाई और अपने-अपने परिवार की खुशहाली की मन्नतें मांगी। मंगलवार से शुरु हुए इस मेले का समापन बुधवार देर शाम को हुआ। मंदिर समिति के कल्याणमल प्रजापति ने बताया कि शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को मेले का शुभारंभ हुआ और धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की भीड़ आती गई जो बुधवार देर रात तक जारी रही। मंगलवार देर रात 12 बजे के बाद शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया गया। बताया जा रहा है कि इस बार दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शीतला माता के दर्शन किए । लेकिन इस बाद मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ कुछ कम रही। मंदिर कमेटी के सूरज प्रजापति ने बताया कि इस बार भी शीतला माता के मेले में बच्चों व बड़ों के लिए 10 से 15 चकरी वाले झूले लगाए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के साथ काफी मनोरंजन किया। इस बार इस मेले में पिछले साल की भांति खिलौने, मिठाई, मनिहारी, मिट्टी के बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन की समेत करीब 1 हजार से अधिक छोटी-बड़ी दुकाने लगाई गई। बताया जा रहा है कि इस ऐतिहासिक मेले के ठीक एक महीने बाद अप्रैल माह में बुढ़ा बास्योडा मेले का आयोजन भी किया जाता है। इस मेले में विशेष रुप से महिलाएं और गृहणियां आती है। यहां महिलाओं से संबंधित प्रसाधन सामग्री और मिट्टी के बर्तन मुख्य आकर्षण का केंद्र होते हैं।

शीतला माता मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ को नियंत्रण करने के लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। इस वर्ष मेले के लिए लगभग 300 से 400 पुलिसकर्मियों का जाब्ता तैनात किया गया । सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा विशेष रूप से चाकसू एसीपी भवानी सिंह शेखावत और स्थानीय थानों के प्रभारियों को सौंपा गया। मेले की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की गई। इसी के साथ पुलिस मित्र और वालंटियर्स ने भी पुलिस का काफी सहयोग किया। मेले में आने वाले वाहनों के लिए अलग से पार्किंग स्थल चिह्नित किए गए हैं ताकि नेशनल हाईवे और मंदिर मार्ग पर जाम की स्थिति न बने। दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में अलग-अलग सेक्टर बनाकर सुरक्षा घेरा तैयार किया है।

# शीतला माता को अर्पित पांच क्विंटल सामग्री पहुंचाई जरुरतमंदों तक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** शीतलाष्टमी पर शीतला माता को अर्पित किए जाने वाले ठंडे पकवानों और प्रसाद को पानी में भीगकर खराब होने से बचाने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से बुधवार को चलाया गया जनजागरण अभियान सफल रहा। श्रद्धालुओं, मंदिर पुजारियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से इस अभियान के माध्यम से लगभग 5 क्विंटल प्रसादी सामग्री एकत्रित की गई, जिसे देर शाम तक विभिन्न गौशालाओं और जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया। गायत्री परिवार के महिला मंडल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में महिलाओं के साथ-साथ पुरुष कार्यकर्ताओं, मंदिरों के पुजारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न शीतला माता मंदिरों और पूजन स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालु महिलाओं से आदरपूर्वक निवेदन किया कि शीतला माता को भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद को मंदिर परिसर में रखे गए विशेष पात्रों और बड़े बर्तनों में डालें, ताकि इसे सुरक्षित रूप से एकत्र किया जा सके और व्यर्थ होने से बचाया जा सके। अभियान के तहत मंदिर परिसरों में बड़े पात्रों, बर्तनों और विशेष थैलियों की व्यवस्था की गई थी, जिसमें श्रद्धालु महिलाएं प्रसाद डालती रहीं। बाद में इस प्रसाद को व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर गौशालाओं, कच्ची बस्तियों, अनाथालयों और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया गया। मानसरोवर क्षेत्र में अभियान की कमान संभाल रही नीलम वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए पूरा सहयोग किया। मंदिरों के पुजारियों और स्थानीय लोगों ने भी इस व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मानसरोवर के अलावा झोटवाड़ा, चारदीवारी, मुरलीपुरा, ब्रह्मपुरी क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर समझाइश अभियान के सुखद परिणाम नजर आए। लोगों ने इस अभियान की सराहना की।

# पोक्सो कोर्ट का फैसला : नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट झुंझुनू इसरार खोखर ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने आरोपी विक्रम सैनी निवासी ढाणी जाटाला, ग्राम मावण्डा, थाना सदर नीमकाथाना हाल काश्तकार धमोरा मोड़, ग्राम धमोरा, थाना गुढ़ागौड़जी को अन्य धाराओं में भी दोषी मानते हुए कुल 1 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले के अनुसार 20 जून 2024 को पीड़िता के पिता ने गोठड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जून 2024 को आरोपी विक्रम सैनी उनके घर आया। उस समय परिवार के सदस्य सो रहे थे। आरोपी उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा सुबह उसे वापस घर छोड़ गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में चालान न्यायालय में पेश किया। विशिष्ट लोक अभियोजक पोक्सो सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने राज्य की ओर से 12 गवाहों के बयान दर्ज करवाए और 79 दस्तावेज अदालत में पेश किए। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपी परिवादी परिवार के यहां शादी समारोह में हलवाई का काम कर चुका था, जिससे उसकी परिवार से पहचान थी।

# भक्ति और परंपरा के साथ मनाई शीतलाष्टमी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी पर बुधवार को लोकपर्व शीतलाष्टमी राजधानी में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। महिलाओं ने सूर्योदय से पहले उठकर ठंडे पानी से स्नान किया और पूजा की थाली तैयार कर शीतला माता की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मिट्टी के नौ कंडवारों में रांधा-पुआ पर बनाए ठंडे पकवान भरकर तथा मिट्टी के करवे में ठंडा पानी लेकर समूह में गीत गाते हुए शीतला माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा की। मंदिर में माता का रोली, हल्दी, मोली,, चावल, मेहंदी आदि से पूजन कर दही-राबड़ी, रोटी, पूड़ी, पुए, चावल, चूरमा, हलवा और पचकुट्टे की सब्जी सहित विभिन्न ठंडे पकवानों का भोग लगाया गया। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने माता को जल अर्पित किया और थोड़ा जल प्रसाद स्वरूप बचाकर घर ले गए। इस जल को घर के सदस्यों ने आंखों पर लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर के बाहर पथवारी पूजन भी किया गया और शीतला माता की कथा सुनी। जहां बुजुर्ग महिलाएं कथा सुनाने के लिए उपलब्ध नहीं थी, वहां श्रद्धालुओं ने मोबाइल के माध्यम से कथा सुनी। मंदिर से लाए जल को घर में छिड़ककर शुभ माना गया। वहीं शीतला माता के स्वरूप बुजुर्ग महिलाओं को ठंडे पकवानों का भोजन कराकर साड़ी व दक्षिणा भेंट की गई। परंपरा के अनुसार इस दिन सुबह घरों में चूल्हे नहीं जलाए गए।

### बींद-बीनणी की निकली बिंदौरी

शीतलाष्टमी के अवसर पर गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं, युवतियों और नवविवाहिताओं ने कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर होली की राख के साथ ईसर, गौरा, रोवां, मालन और कनीराम की प्रतिमाएं बनाई। इसके बाद माली के यहां से दूब, फूल और जल भरकर कलश लाए गए और ईसर-गणगौर का पूजन किया गया। शाम के समय बालिकाओं ने बींद-बीनणी का स्वरूप धारण कर बिंदौरी निकाली। बींद-बीनणी के पीछे गणगौर पूजन करने वाली महिलाएं नाचती-गाती चल रही थी और कॉलोनियों में घर-घर वार फेरी की गई। राजधानी की विभिन्न गलियों में शाम तक बींद-बीनणी की बिंदौरियां निकाली गई, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहा।

# सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने वाले हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** करणी विहार थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपु पश्चिम डीएसटी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी वारदात के दौरान जल्दबाजी में अपना मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड मौके पर ही छोड़कर भाग गए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान कर उन्हें दबोचा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम ने कार्रवाई करते हुए सूने मकान का ताला तोड़कर सोने.चांदी के गहने और नगदी चोरी करने वाले शुभम सैनी 27 और नरेन्द्र सैनी उर्फ नंदू 29 को गिरफ्तार किया है। दोनो ही आरोपित मुरलीपुरा इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों से 6 चांदी के सिक्के, एक पीतल की चरण पादुका और पीतल की शिव-पार्वती की जोड़ी बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने हरमाड़ा थाना क्षेत्र में भी चोरी-नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मुरलीपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं और पहले भी चोरी व नकबजनी की करीब चार दर्जन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपी नशे के आदी हैं और मोटरसाइकिल से कॉलोनियों में घूम कर सूने मकानों की रैकी कर मौका मिलते ही ताला तोड़कर चोरी करते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामदगी और अन्य साथियों की तलाश को लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि वैशाली नगर सिटी, पांच्यावाला सिरसी रोड निवासी हेमलता श्रीवास्तव ने करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि 1 मार्च की रात वह अपने बच्चों के साथ दिल्ली चली गई थीं।

इसी दौरान 2 मार्च को देर रात अज्ञात चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और नगदी चोरी कर ली। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मोबाइल एप पर देखने पर उन्हें चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत कॉलोनी वासियों को सूचना दीए जिससे चोरों में भगदड़ मच गई और भागते समय आरोपी अपना मोबाइल फोन और उसके कवर में रखा एचडीएफसी बैंक का डेबिट कार्ड मौके पर ही छोड़ गए।

मामले की जांच के लिए पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकडा।

# कुएं में मिला युवक का शव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक कुएं में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस टीम की मदद से शव को कुंए से बाहर निकाला। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है और पुलिस गुमशुदगी के आधार पर जांच.पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में एक कुएं में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस टीम को बुलाया गया। टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुंए से बाहर निकाला। मौके पर पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए। इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। फिलहाल पुलिस गुमशुदगी के मामलों के आधार पर मृतक की पहचान करने के प्रयास तेज कर रही है।

# गिरधर शर्मा को मिला पंडित सुंदरलाल चंद्रकला गंगानी सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कत्थक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ोदरा की ओर से बुधवार की शाम राजकीय पीसीबी स्कूल में पंडित सुंदरलाल चंद्रकला गंगानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें दी यंग्स क्लब आफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को सामाजिक और सांस्कृतिक सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गांव बड़ाबर के मूल निवासी और देश के अग्रणी कत्थक नृत्याचार्य पंडित सुंदरलाल गंगानी और उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला गंगानी की स्मृति में आयोजित इस सम्मान समारोह में गिरधर शर्मा को अभिनंदन पत्र, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कथक गुरु प्रोफेसर डॉ. जगदीश गंगानी, वडोदरा ने की। वहीं मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में फतेहसिंह गंगानी, यंग्स क्लब के सचिव महावीर मिरनका, तनसुखराय रामपुरिया, प्राचार्य रणवीर सिंह महरिया मंच पर मौजूद रहे। समारोह का संयोजन व संचालन साहित्यकार व मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने करते हुए आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मूलचंद तिवाड़ी, देवकृष्ण मालपानी, पूनमचंद सारस्वत, धन्नाराम प्रजापत, बलदेव ढ़ाका, जवाहर कटारिया, श्याम स्वर्णकार, महेश कुमार तंवर, विष्णुदत्त शर्मा, कौशल्या गुलेरिया, जयश्री दाधीच, वीणा भोजक, डॉ. जयश्री सेठिया, डॉ. शर्मिला सोनी, डॉ. कमला शर्मा, अनिता सुरेका, कुसुम शर्मा, कमला चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चेटीचंड पखवाड़ा : 15 मार्च को दशहरा मैदान में लगेगा विशाल सिंधु मेला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड के पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत चेटीचंड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के तत्वावधान में विशाल सिंधु मेले का आयोजन रविवार 15 मार्च 6 को शाम 5 बजे से दशहरा मैदान में किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी और महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि मेले का शुभारंभ भगवान भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष अमरपुरा के संत मोनू साईं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा तथा धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। इस अवसर पर सिंधी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाने वाले कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेला प्रमुख विजय बालानी ने बताया कि मेले के मध्य भगवान झूलेलाल का भव्य और मनोहारी मंदिर बनाया जाएगा, जहां श्रद्धालु अपनी आस्था और मनोकामनाएं व्यक्त कर सकेंगे। वरुण अवतार भगवान झूलेलाल जल के देवता माने जाते हैं, इसलिए इस बार विशेष अलौकिक झांकी सजाई जाएगी, जिसमें पानी की बूंदें भगवान झूलेलाल का अभिषेक करती नजर आएगी।

झांकी में फव्वारे चलते दिखेंगे, पर्वत पर भगवान शंकर विराजमान होंगे और पीछे मोर चक्र घूमेगा। वहीं शेरों की हिलती गर्दन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। कोषाध्यक्ष दीपक वरंदानी ने बताया कि बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता और सभी के लिए विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महिलाओं के लिए व्यंजन प्रतियोगिता और पल्लव प्रतियोगिता भी रखी गई है। शहर का प्रसिद्ध सुंदर बैंड मधुर स्वर लहरियां बिखेरेगा।

झांकी सचिव रमेश हरपलानी और पखवाड़ा सचिव अर्जुन मेहरचंदानी ने बताया कि मेले में अमरापुर दरबार की ओर से डोडा चटनी, झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी की ओर से मीठे चावल और छोले तथा एक श्रद्धालु की ओर से ब्रेड-छोले का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। ख्याति प्राप्त कलाकार मनोज मामनानी सिंधी संगीत की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा विभिन्न खानपान की स्टॉल्स लगेंगी और बच्चों के लिए घोड़े की सवारी व झूलों की व्यवस्था भी रहेगी।

समिति के प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के तहत मेले में अंगदान, नेत्रदान और देहदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशा मुक्त जीवन का संदेश दिया जाएगा। सिंधी समाज में शादी के बाद नवविवाहित महिलाओं के नाम बदलने की परंपरा पर रोक लगाने का संदेश भी दिया जाएगा। इसी दिन भारतीय सिंधु सभा की ओर से वाहन रैली भी निकाली जाएगी। संयोजक कमल आसवानी और विष्णु देव सामतानी ने बताया कि रैली सुबह 8 बजे त्रिमूर्ति सर्किल से रवाना होकर दशहरा मैदान पहुंचेगी। यहां मनोज मामनानी द्वारा सिंधी संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी और लॉटरी ड्रा भी निकाला जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190